हरिभूमि
# रायपुर भूमि



राजधानी में ही एजेंसियों की लीपापोती पर जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी, जनसुविधा बेहाल

## मोवा ब्रिज ही नहीं, कई सड़कों से महीनेभर में ही डामर गायब, उखड़ी बजरी, उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

इन दिनों लोगों की सुविधा के लिए लाखों रुपए खर्च करके राजधानी में करवाए जाने वाले निर्माण की सुध लेने वाला कोई नहीं है। इसका फायदा निगम से टेंडर प्रक्रिया के तहत काम लेने वाली एजेंसियां उठा रही हैं। मानीटरिंग में की जाने वाली लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जिन ▶▶शेष पेज 13 पर



### जानकारी लेकर कराएंगे जांच

जिन -जिन मार्गों से जुड़ी समस्या बता रहे हैं। उनकी जानकारी संबंधित जोन के अधिकारियों से ली जाएगी। मामले की जांच करवाने के बाद निर्माण एजेंसी की लापरवाही तय करते हुए संज्ञान में लेंगे।

- **विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त नगर निगम, रायपुर

### इन मार्गों की उखड़ी परतें

पुरानी बस्ती के गोवर्धन चौक से कुशालपुर जाने वाले मार्ग का डामरीकरण हुए अभी महीनाभर ही बिता है। इस बीच सड़क पर चढ़ाई गई परत उखड़ने लगी है। इस रूट से आने-जाने वाले दोपहिया चालकों की चाल भी बिगड़ रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि दिनभर में कई दोपहिया चालक गाड़ी स्लिप होने से चोटिल भी हो चुके हैं। कुछ ऐसा ही हाल टिकरापारा के यादव मोहल्ला से भगत सिंह चौक के बीच सप्ताहभर पहले बनवाई गई सड़क का भी है। इस रूट से आने-जाने वाले लोगों को निर्माण का फायदा भी नहीं मिला।



### इन सड़कों की बिगड़ी सूरत

शहर के मठपारा इलाके में गणेश चौक से दूधाधारी मठ पहुंच मार्ग की सूरत बदलने करवाए गए निर्माण की कलई खुलने लगी है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि करीब महीनेभर पहले ही डामर रोड को चकाचक किया गया। इससे बनाने वाली एजेंसी ने सड़क बनाते समय डामर का उपयोग कम किया। इसके चलते वाहनों की आवाजाही शुरू होते ही सड़क की परते उखड़ने लगी हैं। इस रूट से आने-जाने वाले लोगों की गाड़ियां स्लिप होने से दुर्घटना की स्थिति बन रही है। वाहन चालकों के बीच विवाद की स्थिति भी दिनभर बनती है।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से किया हमला

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक महिला ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ शराब पीने पैसे नहीं देने पर उनके पति पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोनडोंगरी निवासी गुलशन खातून ने चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। गुलशन ने पुलिस को बताया कि उसका पति गद्दा बनाने का काम करता है। गुरुवार को रात 8 बजे वह सब्जी लेने गया था। इसी दौरान अज्ञात तीन बदमाशों ने गुलशन के पति का रास्ता रोककर शराब पीने पैसों की मांग की। पैसे देने से इंकार करने पर बदमाशों ने गुलशन के पति पर चाकू से वार कर दिया और मौके से फरार हो गए।

### आईजी ने ली रेल सुरक्षा समिति की बैठक



**रायपुर।** रेल सुरक्षा समिति की शुक्रवार को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा, पुलिस महानिरीक्षक सह मुख्य प्रधान आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद ने बैठक ली। इस दौरान रेल सुरक्षा से जुड़े अफसरों के अलावा रायपुर, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार के एसपी शामिल हुए। बैठक में रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जानकारी लेने के साथ सुरक्षा संबंधी किए गए उपायों की जानकारी ली गई। रेल सुरक्षा समिति की बैठक के बाद आईजी ने रायपुर, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद तथा बलौदाबाजार जिले के एसपी की बैठक लेकर अपराधों की समीक्षा करने के साथ लंबित मामलों की जल्द निराकरण करने निर्देश दिए। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

### जमीन विवाद में जानलेवा हमला, केस दर्ज

**रायपुर।** आरंग थाने में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के खिलाफ जमीन विवाद में मुर्गा काटने के कत्ता से गले में तथा बाएं हाथ में जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पेशे से चाय ठेला संचालक शेषनारायण साहू ने योगेश साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शेषनारायण ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह वह नाश्ता करने एक ठेले में गया था। इसी दौरान योगेश ने जमीन विवाद के चलते एक चिकन सेंटर से मुर्गा काटने के कत्ता से उसके गले के पीछे की तरफ वार किया। दूसरी दफा वार करने पर रोकने की कोशिश में कत्ता शेषनारायण के बाएं हाथ में लगा।

### सेवानिवृत्त अधिकारी के घर लाखों की चोरी

**रायपुर।** पंडरी थाना में खादी ग्रामोद्योग के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने अज्ञात के खिलाफ नकदी डेढ़ लाख लाख रुपए सहित पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दलदल सिवनी हर्ष विहार कॉलोनी निवासी बीपी बंजारे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। श्री बंजारे ने पुलिस को बताया कि 29 दिसंबर को वे एक गमी में शामिल होने बिलासपुर गए थे। गुरुवार दोपहर घर वापस आने पर उन्होंने देखा कि अज्ञात चोर उनके घर के मेन गेट का ताला तोड़ मकान के अंदर प्रवेश कर आलमारी का लॉकर खोल सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी चोरी कर ले गया है।

गो सेवकों ने घड़ी चौक पर किया प्रदर्शन, पुलिस को रूट डायवर्ट करना पड़ा

## गो मांस के कारोबारियों से मिली डायरी, 100 खरीदारों के नाम, इधर, जमकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मोमिनपारा में गो-मांस जब्ती की घटना के बाद आक्रोषित गो-सेवक तथा हिंदू संगठनों ने शुक्रवार को घड़ी चौक के पास जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के चलते ढाई घंटे से ज्यादा समय तक जाम की स्थिति रही। इसके चलते घड़ी चौक मार्ग में आवाजाही करने ट्रैफिक पुलिस को रूट डायवर्ट करना पड़ा। गो-सेवक तथा हिंदू संगठन से जुड़े नेताओं ने गो-मांस बेचने वाले लोगों के घरों में बुलडोजर चलाने की मांग करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

गो-मांस बेचे जाने के मामले में पुलिस को आशंका है कि मांस बेचने वाले गो-मांस को अन्य मांस में मिलाकर बेचने की फिराक में थे। गो-मांस को अन्य मांस में मिलाकर बेचते इसके पहले आरोपी पकड़े गए। घटना स्थल के पास एक रजिस्टर मिला है। रजिस्टर में गो-मांस खरीदने वालों की डिटेल है। रजिस्टर में किन-किन लोगों को कितना गो-मांस पहुंचाना है, उसमें इसकी पुलिस को डिटेल मिली है। रजिस्टर में जिन लोगों के नाम गो-मांस खरीदने का उल्लेख किया गया है, पुलिस उन लोगों से पूछताछ करने की बात कह रही है।

### 10-15 किलो मांस खरीदने का उल्लेख

गो-मांस खरीदने वाले लोगों की पुलिस को जो सूची मिली है, उसमें कई व्यक्ति ऐसे हैं जिन लोगों ने गो-मांस खरीदने 10 से 15 किलो आर्डर किया है। रजिस्टर में इस बात का भी उल्लेख है कि जिन लोगों ने 10-15 किलो गो-मांस खरीदने आर्डर किया है। उन लोगों ने एडवांस के तौर पर कितना डिजिटल पेमेंट किया है।

### बुलडोजर चलाने और सख्त कार्रवाई करने की मांग

#### प्रदर्शन की वजह से रूट डायवर्ट

गो-सेवक संघ तथा अन्य हिंदू संगठन विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने दोपहर साढ़े 12 बजे आंबेडकर चौक के पास एकत्रित होकर दो बजे तक जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही चौक में हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यकर्ताओं के सड़क पर बैठने की वजह से रोड जाम हो गई। इसके चलते पुलिस को रूट डायवर्ट करना पड़ा। प्रदर्शन के चलते घड़ी चौक से लेकर आंबेडकर चौक तक भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

#### खास बातें

- गो सेवक और हिंदू संगठनों ने जमकर किया प्रदर्शन
- ढाई घंटे से ज्यादा समय तक सड़क जाम रही, आवाजाही करने वाले हुए परेशान



गोमांस बेचने को लेकर मोमिनपारा में हंगामा, आधा दर्जन गिरफ्तार

#### इनको किया गया गिरफ्तार

गो-मांस बेचने के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें पश्चिम बंगाल निवासी समीर मंडल सहित खुर्शीद अली, मोहम्मद मुंतजीर हैदर, अशफाक अली, अरमान हैदर तथा मोहम्मद इरशाद कुरैशी के नाम शामिल हैं। इनमें दो महिलाओं बिलकिस बानो एवं ऐरम जेहरा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है।

#### जानकारी जुटाई जा रही

गो-मांस बेचने वालों के कब्जे से एक रजिस्टर जब्त किया गया है। रजिस्टर में गो-मांस खरीदने वालों के नाम हैं। उनमें कई लोगों द्वारा भारी मात्रा में गो-मांस लेने का उल्लेख है। जिन लोगों द्वारा भारी मात्रा में गो-मांस लेने का उल्लेख है, वे किस उद्देश्य से भारी मात्रा में गो-मांस खरीद रहे थे, इसकी जानकारी जुटाकर कार्रवाई की जाएगी।

- **डीआर पोर्ते,** एएसपी सिटी पश्चिम

#### इस वजह से अन्य मांस में मिलाकर बेचने की आशंका

गो-मांस को अन्य मांस में मिलाकर बेचे जाने की आशंका की वजह यह है कि जिन लोगों ने थोक में गो-मांस खरीदने का आर्डर किया है, उनमें से कई मांस बिक्री का काम करते हैं। पुलिस को रजिस्टर में गो- मांस खरीदने वाले सौ से ज्यादा लोगों के बारे में जानकारी मिली है। गो-मांस को ढाई से तीन सौ रुपए किलो में बेचा जा रहा था।

#### कहां से लाया गया मांस जांच में जुटी पुलिस

पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गो-मांस को धनेली से ऑटो द्वारा लाया गया। पुलिस अब इस बात की पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गो-मांस बेचने वालों ने कहां से गाय काटी। जिन लोगों से पुलिस ने गो-मांस जब्त किया है, पुलिस उनके संबंध में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि इसके पूर्व भी क्या उन लोगों ने गो-मांस बेचा है। साथ ही गो-मांस बेचने वाले और कहां-कहां गो-मांस बेचा है, इस संबंध में पुलिस जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

#### पकड़े गए आरोपियों में एक रोहिंग्या होने का आरोप

गो-मांस बेचने के आरोप में पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, गो-सेवा मंच से जुड़े गोल्डी शर्मा ने एक आरोपी को रोहिंग्या होने का आरोप लगाया है। गो-सेवा मंच से जुड़े नेताओं ने आरोप लगाया है कि मोमिनपारा में लंबे अरसे से गो-मांस बेचा जा रहा है। इस संबंध में उन लोगों ने पुलिस के पास चार बार शिकायत की है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गो-मांस बेचे जाने की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद गो-सेवक आजाद चौक सीएसपी को बाइक में बैठाकर घटना स्थल लेकर गए, तब मौके पर पहुंचकर पुलिस ने कार्रवाई की।

## शहर की तुलना में माना दोगुना ठंडा, तापमान 10 डिग्री से नीचे उतरा

- ठंड बढ़ी पर दिसंबर का रिकार्ड टूटना मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर समेत पूरे प्रदेश में ठंड अपना असर दिखा रही है। कम आबादी होने की वजह से शहर की तुलना में माना में अधिक ठंड पड़ रही है। वहां का तापमान दस डिग्री से नीचे जा चुका है, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है, जबकि शहर का पारा डेढ़ डिग्री नीचे है। आने वाले दिनों में तापमान दो से तीन डिग्री तक बढ़ने के आसार हैं।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जनवरी में भी ठंड अपना असर दिखा रही है, मगर दिसंबर में पड़ी कड़ाके की ठंड का रिकार्ड अभी टूटना मुश्किल है। अभी सरगुजा संभाग के विभिन्न शहर शीतलहर की चपेट में आ चुके हैं और वहां का तापमान चार डिग्री तक नीचे जा चुका है। रायपुर में भी जोरदार ठंड पड़ रही है खासकर आउटर में रात होने के बाद भी कंपकंपी छूट रही है। अनुमान है कि पड़ रही ठंड में अभी थोड़ी कमी आएगी, तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होने की वजह से राहत मिलेगी। वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिमी ईरान के ऊपर विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पश्चिम राजस्थान के ऊपर बना हुआ है। इनके संयुक्त प्रभाव से हवा की दिशा में और अधिक परिवर्तन होने की संभावना है, जिसके कारण वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ रही है। न्यूनतम तापमान में 11 जनवरी को 2 डिग्री सेल्सियस के आसपास वृद्धि संभावित है। अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री वृद्धि होने की संभावना है।

#### प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 11.8 | -1.6 |
| माना | 9.6 | -3.2 |
| बिलासपुर | 10.0 | -2 |
| पेंड्रा | 6.4 | -4.1 |
| अंबिकापुर | 4.3 | -4.4 |
| जगदलपुर | 10.5 | -1 |
| दुर्ग | 8.4 | -5.5 |

लगातार कार्रवाई के बाद भी बदमाश बेलगाम हो रहे

## उधर बदमाशों की हाजिरी परेड, इधर, रात दो गैंग भिड़े, मारपीट के साथ चाकू भी चले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर पुलिस कार्रवाई कर रही है। सुधारने के लिए पुलिस बदमाशों को कान पकड़कर ऊठक-बैठक कराने के साथ बेंत से उनके हाथों की सार्वजनिक सिंकाई कर रही है। बावजूद इसके बदमाश सुधरने के बजाय पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। गुरुवार-शुक्रवार को बदमाशों के दो अलग-अलग गैंग आजाद चौक थाना क्षेत्र के समता कालोनी में पुरानी रंजिश पर आपस में भिड़ गए और एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट करते हुए चाकू चलाए। चाकूबाजी की घटना में दो बदमाश गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका एम्स अस्पताल में उपचार चल रहा है।

चाकूबाजी की घटना में हांडीपारा निवासी आलोक कामड़े तथा बजरंग नगर निवासी वैष्णव मरकाम घायल हुए हैं। चाकूबाजी की घटना में गंभीर रूप से घायल वैष्णव के अनुसार उसके साथ आलोक, आलोक के भाई तथा रोशन ने मारपीट करने के बाद हत्या करने की नीयत से चाकू से जानलेवा हमला किया। आलोक ने भी वैष्णव तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट कर चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने गोलू मरकाम, वैष्णव मरकाम, भुवन, आलोक कामड़े, रोशन विश्वकर्मा के खिलाफ पुलिस ने हत्या की कोशिश सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

### आजाद चौक थाना क्षेत्र का मामला




#### छाती में बैठकर चाकू से हमला

दोनों पक्ष आपस में लड़ रहे थे। इस दौरान बदमाशों के एक गुट ने वैष्णव को घेर लिया और उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। इस दौरान एक बदमाश वैष्णव की छाती पर बैठ गया और चाकू निकालकर वैष्णव की छाती तथा पेट में ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बदमाश आपस में लड़ रहे थे इस दौरान किसी ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची। पेट्रोलिंग पार्टी के पहुंचने के पहले ही बदमाश घटना स्थल से फरार हो गए थे, जिसे पुलिस ने बाद में पतासाजी कर गिरफ्तार किया।

#### गाड़ी में तोड़फोड़ के विवाद पर भिड़े

मारपीट तथा चाकूबाजी की घटना में घायल युवक तथा उनके साथियों के बीच लंबे अरसे से विवाद चला आ रहा है। बाइक में तोड़फोड़ करने के विवाद पर दोनों पक्ष गुरुवार को रात दस बजे के करीब आपस में भिड़ गए। इसके बाद दोनों पक्षों का समता कालोनी में विप्र भवन के पास पुनः आमना सामना हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष वहां आपस में फिर भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने आपस में मारपीट करने के बाद एक दूसरे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

## नशीली दवा की खोज में 25 दुकानों में औषधि-पुलिस टीम का छापा, 11 में मिली अनियमितता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- दिसंबर में हुई कार्रवाई में जांच के बाद दो के लाइसेंस निरस्त, 12 निलंबित

नशीले टेबलेट और दवा की बिक्री में मेडिकल स्टोर्स की संलिप्ता के संदेह में औषधि और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जिले की 25 दुकानों में छापा मारा। जांच के दौरान 11 दुकानों में अनियमितता मिली है, जिन्हें नोटिस जारी किया गया है। दिसंबर में 30 दुकानों में हुई छापेमारी में गंभीर अनियमितता में दो के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं और 12 को निलंबित किया गया है।

स्वास्थ्य और गृहमंत्री ने दवाओं का उपयोग नशे के लिए किए जाने के मामले को देखते हुए संयुक्त रूप से छापेमारी के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 2 दिसंबर को रायपुर जिले के 30 दुकानों में जांच की गई थी। महीनेभर से ज्यादा का समय बीतने के ▶▶शेष पेज 13 पर

## इस बार एमपी के मरीज की एसीआई में ओपन हार्ट सर्जरी, चार में तीन वॉल्व हो चुके थे खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- वहां बताया गया था 5 लाख का खर्च, यहां आयुष्मान योजना से निशुल्क ऑपरेशन

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में अड़चन समाप्त होने के बाद इस बार मध्यप्रदेश के 52 वर्षीय मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी की गई। हार्ट के चार वाल्व में से तीन वाल्व खराब हो चुके थे। एमपी के निजी अस्पताल में सर्जरी के लिए पांच लाख का खर्च था और यहां आयुष्मान योजना से निशुल्क इलाज हो गया। मरीज का हृदय केवल 35 फीसदी काम कर रहा था और उसे पिछले चार साल से सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।

आठ माह से अटकी ओपन हार्ट सर्जरी शुरू होने के बाद हृदय रोगियों को बड़ी राहत मिल रही है। इस बार मध्यप्रदेश के अनूपपुर में



रहने वाले मरीज की सफल सर्जरी हुई और अगले दो से तीन दिनों में उसे अस्पताल से छुट्टी देने की तैयारी है। सांस फूलने की शिकायत पर स्थानीय डाक्टरों द्वारा अस्थमा का इलाज किया जा रहा था, बाद में पता चला कि उसके हृदय के तीन वाल्व खराब हो चुके हैं। सर्जरी काफी महंगी थी, इसलिए मरीज और उनके परिजन लंबा सफर कर आंबेडकर अस्पताल पहुंचे। यहां के हार्ट सर्जरी विभाग में अध्यक्ष डा. कृष्णकांत साहू ने जांच की, तो पता चला कि हृदय के ▶▶शेष पेज 13 पर

#### बचपन की सर्दी-खांसी बनती है वजह

सीटीवीएस के विभागाध्यक्ष डा. कृष्णकांत साहू ने बताया कि मरीज को रूमेटिक हार्ट डिजीज की समस्या थी। इस बीमारी में बचपन में स्ट्रेप्टोकोकस नामक बैक्टीरिया द्वारा गले में संक्रमण होता है, जो सामान्य सर्दी-खांसी के रूप में होता है। यह बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश करता है, तब प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा इस बैक्टीरिया के विरुद्ध एंटीबॉडी बनता है, परंतु यह एंटीबॉडी बैक्टीरिया को न मारकर हृदय के वाल्व को ही बैक्टीरिया समझकर खराब करना प्रारंभ कर देता है। एक तरह से यह एंटीबॉडी मिस गाइडेड मिसाइल की तरह होती है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नये साल में श्री बालाजी ग्रुप का ऐलान

श्री बालाजी गारमेंट सेल में होने वाला है स्पेशल धमाका

आगे हॉल की बुकिंग न होने के कारण अब सारा माल बेच कर जा रहे है

मात्र 99/-, 199/- व 249/- में

बालाजी सेल में प्रीमियम क्वालिटी ऐड कर दिया गया है, जिसमे आपको मिल जायेंगे :

शर्ट, जैकेट, बॉयज़ गर्ल्स कुर्ती, लैगीज़, साड़ी, लेडिस जीन्स, जीन्स आदि



BIG OFFER

सबसे बड़ा ऑफर

विंटर टॉप 100/- में 6 पीस

इसके अलावा सेल में मिलेंगे प्रीमियम क्वालिटी के -

पैराशूट अपर • डाउन शोल्डर शर्ट • फुल शर्ट • टी-शर्ट • बॉयज़/ गर्ल्स ब्लेज़र्स



जल्दी करें.. सेल सिर्फ 3 दिनों के लिए

FREE PARKING

गुरुतेग बहादुर हॉल

FREE ENTRY

गढ़ कलेवा के पास, राजभवन गेट नं.-३ के सामने, घडी चौक, रायपुर

sumit

## खबर संक्षेप

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए यज्ञ आज

**मंदिर हसौद।** श्री राम संगठन नगर पालिका मंदिर हसौद द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने की पहली वर्षगांठ पर 11 जनवरी को श्रीराम मंदिर बाड़ा चौक में यज्ञ पूजन प्रसाद वितरण सायं काल महाआरती का आयोजन किया जायेगा। वहीं श्री राम संगठन द्वारा प्रभातफेरी निकाला गया जो प्रातः 5 बजे से ढोल मंजीरे के साथ नगर के बच्चे युवा वरिष्ठ जन राम धुन के साथ नगर भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी निकाला गया तथा कल यज्ञ पाठ का आयोजन होगा।

### श्रीराम मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर प्रवचन, भजन आज

**अभनपुर।** श्री राधेकृष्ण सेवा समिति के तत्वाधान एवं ग्रामवासियो के सहयोग से ग्राम पी जामगांव स्थित भगवान श्रीराम मंदिर के प्रथम स्थापना वर्षगांठ के अवसर पर प्रवचन, भजन, रामायण स्तुति, जस झांकी, भंडारा प्रसादी व अन्य कार्यक्रम का आयोजन 11 जनवरी को रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप इन्द्रकुमार साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### जरूरतमंदों के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट बना वरदान

**मंदिर हसौद।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट आम लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है गुरुवार को कैंप का आयोजन मंदिर हसौद में अवधेश मिश्रा के घर के पास किया गया था यहां कुल 62 मरीजों ने निःशुल्क इलाज करवाया जिसमें से 62 मरीजों को दवाइयां दी गई तथा कुल 10 मरीजों का लेब टेस्ट किया गया रायपुर जिले में संचालित नगरीय निकाय क्षेत्र मंदिर हसौद में अभी तक कुल 730 कैंप का आयोजन किया जा चुका है जिसमें 51451 मरीजों का निःशुल्क इलाज करके 49392 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरण की जा चुकी है तथा 14484 मरीजों का निःशुल्क लेब टेस्ट भी किया जा चुका है।

### लखौली में श्री राम के जयकारों के साथ निकाली जा रही प्रभात फेरी



**आरंग।** ग्राम लखौली में अयोध्या राम मंदिर रामलला की 11 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बीते 15 दिनों से ग्रामीणों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रभात फेरी के सैंकडो की संख्या में बच्चे, युवक, महिलाएं व बुजुर्ग सुबह 4 बजे से ही गांव की गलियों में भ्रमण कर रहे है। ध्प्रभात फेरी प्रमुख सोहन साहू, नरेंद्र सेन, लक्ष्मी साहू, सोनू मानिकपुरी, अरुण साहू, डालेश साहू, दीपक साहू सहित अन्य भक्तो ने सामूहिक रूप से बताया कि प्रभात फेरी न केवल भक्तों की श्रद्धा और भक्ति को प्रदर्शित करता है, बल्कि इससे समुदाय के बीच एकता और सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा मिल रहा है। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में शामिल भक्त सुबह से जय श्रीराम के नारे के साथ गीत व भजन गाते गांव में भ्रमण करते है।

# सनातन धर्म में रुद्राक्ष की महती भूमिका है : पंडित कृष्ण कांत मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

परसतराई -धरसींवा में चल रहे शिव महापुराण में कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित कृष्ण कांत मिश्रा ने रुद्राक्ष के बारे में बताया। इस दौरान कथा सुनने के लिए कई लोग कथा स्थल गांव पहुंचे। शुक्रवार को कृष्ण कांत मिश्रा ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि सनातन धर्म में रुद्राक्ष को अत्यंत पवित्र माना जाता है।

रुद्राक्ष भगवान शिव का ही एक स्वरूप है हम इसे चाहे औषधि में ले लें या पानी में चढ़ाकर आचमन करें या गले में पहन ले या हमारे पूजा स्थल पर रखकर पूजा कर लें. यह फल हमें ईश्वर के होने का महत्व बताता है। पंडित कृष्णा कांत मिश्रा ने कहा कि रुद्राक्ष भगवान शिव को इतना प्रिय इसलिए है, क्योंकि इसकी उत्पत्ति भगवान शिव के आंसुओं से हुई है।

एक बार शिव ने सैकड़ों वर्षों तक तप किया। इस दौरान उन्होंने अपने मन को वश में कर लिया। एक दिन अचानक शिव का मन व्यथित हुआ और उनकी आंखें खुली और आंख खुलते ही आंसू की बूंदें धरती पर गिर पड़ी। इन आंसुओं से रूद्राक्ष के वृक्ष की उत्पत्ति हुई। जो हिमालय में पाया जाता है। भगवान को प्रसन्न करना है तो रूद्राक्ष धारण करना चाहिए। इससे शिव-पार्वती की कृपा बनी रहती है। भगवान की कृपा से यदि सिद्धि मिलती है तो उसे अपनी प्रसिद्धि नहीं बनाए।

**परसतराई धरसींवा में चल रहे शिवमहापुराण में श्रद्धालुओं की उमड़ रही है भीड़**




### देवताओं में सबसे बड़ा कौन की बहस पर शिवलिंग की हुई उतपत्ति

धरसींवा परसतराई में चल रहे शिव महापुराण में पंडित कृष्ण कांत मिश्रा ने बताया कि विष्णु भगवान और ब्रह्मा जी में कौन बड़ा है। इसको लेकर बहस शुरू हो गई और बाद में युद्ध भी होने लगा। सभी देवताओं ने परेशान होकर शंकर ने भगवान विष्णु और ब्रह्मा के बीच एक अग्नि पुंज उत्पन्न दिया। इस पर दोनों के बीच समझौता हुआ जो इसके आदि और अत में पहले पहुंच जाएगा वही बड़ा और श्रेष्ठ होगा। दोनों इसकी तलाश में निकल पड़े और तभी शिवलिंग की उत्पत्ति हुई। महाराज ने बताया कि भगवान शंकर के शिवलिंग की सबसे पहले स्थापना और पूजा ब्रह्मा और विष्णु ने की। इन्हीं दोनों के विवाद के कारण पृथ्वी पर शिवलिंग की उतपत्ति हुई। भगवान शिव ने ब्रह्मा और विष्णु को ओम नमः शिवाय का दीक्षा मंत्र दिया।इससे ब्रह्मा श्रृष्टि के रचयिता और भगवान विष्णु पालनकर्ता हुए।

रायपुर में आयोजित परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों के साथ विधवा और परित्यक्ता भी शामिल होंगी

# सतनामी समाज का परिचय सम्मेलन कल, पंजीयन की अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिरहसौद

सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति के द्वारा 24 वर्षो से विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करते आ रहे है, जहां इस वर्ष भी 12जनवरी को युवक-युवती और विधवा विधुर परित्यक्ता भी परिचय सम्मेलन मे भाग ले सकते है। जो राजधानी रायपुर स्थित खालसा स्कुल परिसर का आयोजन किया गया है. जिसकी तैयारी को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है, वही अग्रिम पंजीयन 1 दिन शेष उसके बाद पंजीयन परिचय सम्मेलन स्थल पर सुबह 8:00 से 1:00 तक ही पंजीयन किया जाएगा. जहां पंजीयन के लिए प्रतिभागी को दो पासपोर्ट साइज का फोटो आधार कार्ड व मार्कशीट का फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है. परिचय सम्मेलन स्थल पर बिना परिजन के प्रवेश वर्जित रहेगा।

■ प्रतिभागी को दो पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड व मार्कशीट का फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है



जिसकी तैयारी को लेकर सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति के सदस्य रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र जिसमें अभनपुर आरंग धरसीवा तिल्दा में लगातार जनसंपर्क कर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरुक कर परिचय सम्मेलन के महत्व को बता रहे हैं। जहां सम्मेलन के माध्यम से समाज के युवक युवतियों और परिजनों को अपने स्वेच्छा के अनुरूप योग्यता अनुसार जीवनसाथी का चयन करने सहायता मिलता है। जिसके चलते समय और धन की बर्बादी से बचा जा सकता है। वही आयोजन की तैयारी में समिति के पदाधिकारी और सदस्य गण जूटे हुए है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जय बहादुर बंजारे, प्रदेश संरक्षक सरजू प्रसाद धृतलहरे , प्रदेश संरक्षक बी आर बंजारे , प्रदेश पदाधिकारी गण कृष्ण कुमार बरमाल , डी डी भारती , पृथ्वीराज बघेल, पप्पू बंधे , प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश संरक्षक विनोद भारती , प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम टांडे , गुरू घासीदास गृह निर्माण सहकारी समिति न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर के अध्यक्ष एवं प्रगतिशील संगठन के प्रदेश कार्यकारीणी सदस्य शंकर कुमार सोनवानी, सेवा निवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अग्रलाल जोशी साहब, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्थान समिति के उपाध्यक्ष सुश्री अंजली बरमाल, श्रीमती शुशीला सोनवानी ,श्रीमती विद्या भारती , श्रीमती अनीता गुरूपंच , श्रीमती सपन लक्ष्मी भारती , श्रीमती चित्रा जांगड़े , कृष्णा कोशले महेश ढीढी सुरेश कुर्रे स मिडिया प्रभारी व अन्य तैयारी में जुटे हूए हैं।

# आरंग जनपद क्षेत्र के 135 सरपंचों का निकला आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जनपद पंचायत आरंग के 135 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग और महिला आरक्षण के तहत पदों का निर्धारण किया गया। आरक्षण सूची जारी होने के बाद संबंधित ग्राम पंचायतों में आगामी पंचायत चुनावों की सरगर्मी बढ़ गई है। वर्गवार आरक्षित ग्राम पंचायतों की आरक्षण सूची इस प्रकार है – अनारक्षित मुक्त ग्राम पंचायत – चटौद, मुनगी, नगपुरा, अमेरी, बरछा, पीपरहट्टा, कुटेसर, बाहनाकाड़ी, कुहेरा, बिरबिरा, परसदा (उ.), रीवा, जरौद (उ.), लखौली, रसनी, कलई, अकोलीकला (फ.), देवरतिल्दा, लांजा, कोरासी, पिरदा, कोडापार, धौराभाठा, तुलसी, चकवे, भोथली, बेनीडीह, निसदा, भिलाई, गौरभाट, पौता, पाहंदा, चरौदा, अनारक्षित महिला ग्राम पंचायत – नरदहा, पचेड़ा, टेकारी, कठिया, सिवनी, तोड़गाव, खुटेरी (नवागांव), सेंध, देवदा, गुजरा, फरफौद, छतौना (फ.), परसकोल, भैसा, खोरसी, भंडारपुरी, डुम्हा, धोबभट्ठी, करमंदी, रसौटा, परसदा (से.), सेमरीया (प.), परसदा (च.), चपरीद, देवरी, गुखेरा, गुल्लू, गोईंदा, अकोलिकला (लि.), पंधी, मोखला, गिधवा, मजिठा, अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त – खम्हरीया, सोनपैरी (जु.), मुनरेठी, छतौना (म.), चीचा, नवागांव (ख.), तांदूल, गुमा, घोट, अमसेना, सकरी (को.), रानीसागर, अकोलीखुर्द (फ.), अन्य पिछड़ा वर्ग महिला – सेमरीया, सकरी (जा.), डिघारी, कायाबांधा, कोटराभाठा, कोटनी, बरभाठा, कोसमखुंटा, अछोली, घोरभट्ठी, कुटेला, राटाकाट, मोहमेला, अनुसूचित जाति मुक्त – खौली, भानसोज, कुकरा, संडी, दरबा, धनसुली, बरौदा, पलौद, गनौद, नरियरा, उमरिया, बोरिद, बोडरा, जरौद (क.), खमतराई, कुरुद (कु.), अकोलीखुर्द (प.), बनचरौदा, कुम्हारी, अनुसूचित जाति महिला – मालीडीह, नारा, गोढी, बड़गांव, नवागांव (खु.), बकतरा, जुगेसर, रीको, राखी, धमनी, कोसरंगी, भटिया, भैंसमुड़ी, चिखली, केसला, पारागांव, छटेरा, भलेरा, अमेठी, अनुसूचित जनजाति मुक्त – बाना, अमोदी, अनुसूचित जाति महिला – सेजा, चोरभट्टी, बनरसी।

# राइस मिल के खिलाफ ग्रामीणों के धरने को मिला कांग्रेस का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बंगोली के ग्रामीणों ने राइस इंडस्ट्रीज को सरपंच सचिव द्वारा ग्राम सभा के आपत्ति करने के बाद भी ग्राम सभा की अनदेखी करते हुए अवैध अनापत्ति प्रमाण-पत्र के आधार पर किए गए निर्माण व अवैध रूप से राईस मिल संचालित किए जाने के खिलाफ़ धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा एवं महामंत्री घनश्याम वर्मा शुक्रवार के धरना प्रदर्शन में शामिल होकर समर्थन दिया । धरना प्रदर्शन को सफल करने में ग्राम सभा अध्यक्ष कुबेर हनुमंता, नरोत्तम शर्मा, हनुमान नायक,डोमार धुरंधर, धर्मेन्द्र बैरागी,गजेन्द्र धुरंधर, मीना साहू, पूर्णिमा साहू, चंद्रप्रभा शर्मा, नकुल शर्मा, परमेश्वर निर्मलकर, आदित्य बैरागी, याद राम ,विनोद निर्मलकर,राजेन्द्र नायक, ललित वर्मा, देवीकांत वर्मा, रामावतार सेन, सुशीत निषाद, राकेश वर्मा,भगवानी खुंटे सहित सैकड़ों किसान मजदूरों और महिलाओं ने उपस्थित होकर प्रमुख भूमिका निभाई है।

■ जाली अनापत्ति प्रमाणपत्र पर अवैध राइस मिल का निर्माण और संचालन करने का आरोप



### प्रमुख मांगे

प्रमुख मांगों में अवैध अनापत्ति प्रमाण-पत्र के आधार पर अवैध निर्माण को निस्तनाबुत किया जाय। अवैध अनापत्ति प्रमाण-पत्र के आधार पर संचालित जी डी फुड इंडस्ट्रीज बंगोली को पूर्ण रूप से बंद किया जाय। स्कूल की शासकीय भूमि पर किये गये अवैध कब्जा को तत्काल हटाया जाए और किसानों की सिंचाई हेतु बने टार नाली को बंद किया गया है जिसे चालू किया जाए ताकि सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित हो ।

# कांग्रेस भवन नेवरा में बैठक दावेदारों से लिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

आगामी नगर पालिका चुनाव को देखते हुए शुक्रवार को कांग्रेस भवन नेवरा में एक अहम बैठक आहूत की गई। इस बैठक में कांग्रेस से अध्यक्ष पद की टिकट मांगने वालों सहित 22 नंबर वार्डों में कांग्रेस से पार्षद चुनाव लड़ने वाले इच्छुक दावेदारों का बायोडाटा आज से लेना प्रारंभ किया गया है। यह बायोडाटा शहर कांग्रेस के अध्यक्ष देवा दास टंडन के पास जमा किया जा रहा है, वहीं इस बैठक में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधो राम वर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए। सभी ने अपने-अपने उद्बोधन में आगामी नगर पालिका चुनाव के लिए कांग्रेस से जो भी प्रत्याशी तय किए जाएं उन्हें एकमत होकर विजयि बनाने की अपील की गई।सभी अतिथियों ने आज से बायोडाटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा शहर के अध्यक्ष के पास जमा करने कहा है। यहां पर चुनाव लड़ने काफी संख्या में कांग्रेसी दावेदार उपस्थित हुए थे। साथ ही अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी करने वाले में लक्ष्मी नारायण वर्मा, जितेंद्र सेन, गजानंद वर्मा, सीमा वर्मा (के कृष्णा मूर्ति), आशा यादव, सुनील सोनी ने आवेदन दिया है। इसी तरह से वार्ड 2 से जितेंद्र ध्रुव, वार्ड 4 से दशरथ डहरिया, हरिचंद कोठारी, वार्ड 6 से श्रीमती पिंकी साहू, श्रीमती कोमल मेघानी, वार्ड 7 से स्वेज परवीन, वार्ड 9 पवन बघेल, वार्ड 10 निर्मल सोनी, हेमलाल साहू, वार्ड 11 दिनेश साहू, वार्ड 12 माया वर्मा, वार्ड 13 रितु हीरामणि, वार्ड 14 नामदेव घृतलहरे, वार्ड 15 प्रदीप नामदेव, वार्ड 16 दुर्गेश नशीने, वार्ड 17 प्रमोद वर्मा, वार्ड 18 बिंदेश्वरी वर्मा, वार्ड 19 दिलीप देवांगन, वार्ड 21 रूपा चौधरी, प्रेमलता रवानी, वार्ड 22 पूनम देवादास टंडन ने आवेदन जमा किया है।




## पेज 11 के शेष...

### मोवा ब्रिज ही...

सड़कों का डामरीरण दिसंबर में किया गया, उनकी परतें उखड़ने लगी हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों की दोपहिया व कारों की चाल सड़क पर बची बजरी गिट्टी बिगाड़ रही है। राजधानी के मोवा ओवरब्रिज पर 3 से 7 जनवरी के बीच रात-दिन काम करके किए गए रीकंट्रक्शन में लापरवाही की पोल खुली। इसके बाद हरिभूमि ने लोगों की सुविधा के लिए हाल-फिलहाल में बनवाई गई सड़कों की पड़ताल की। इस दौरान शहर के बीच में ही कई ऐसे मार्ग मिले, जिनका 20 से 80 लाख रुपए खर्च करके डामरीकरण करवाया गया। इसके बाद भी महीनेभर में ही सड़कों के निर्माण में की गई लापरवाही की पोल खुलने लगी है। जिन मार्गों को खस्ताहाल बताकर निगम प्रशासन ने एजेंसी से काम करवाया है, वे महीनेभर में ही चलने लायक नहीं बचीं। मजे की बात तो यह है कि इन मार्गों को बनाने वाली एजेंसियों द्वारा किए गए काम की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया भी जिम्मेदारों द्वारा शुरू नहीं की गई।

### इस बार एमपी के...

साथ उसकी किडनी भी कमजोर हो चुकी है। ऑपरेशन के दौरान किडनी के खराब होने और मरीज के डायलिसिस तक जाने का खतरा था। परिवार वालों की जानकारी के बाद चिकित्सकों की टीम ने यह जोखिम उठाया और गहन सर्जरी कर हार्ट में टाइटेनियम मेटल के दो वाल्व लगाए गए और तीसरे वाल्व को रिपेयर किया गया। ऑपरेशन सफल होने के बाद मरीज की स्थिति में काफी सुधार हो चुकी है। इस जोखिम भरी सर्जरी में डा. कृष्णकांत साहू का साथ कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. संकल्प, क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉ. श्रुति तुरकर, परफ्यूशनिस्ट राहुल एवं डिगेश्वर, ओटी टेक्निशियन भूपेंद्र, हरीश, निराकार एवं नर्सिंग स्टाफ राजेन्द्र, नरेन्द्र, चोवा एवं दुष्यंत ने दिया।

### नशीली दवा की खोज...

बाद शुक्रवार को पुनः संयुक्त टीम ने राजधानी की 25 दुकानों की जांच की। जांच टीम में 12 औषधि निरीक्षक तथा पुलिस निरीक्षक, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों की 14 सदस्यीय टीम शामिल थी। 12 अलग-अलग टीम बनाकर जांच की गई। इसमें पचपेढ़ी नाका के सुमित मेडिकल, गुढ़ियारी के भवानी मेडिकल, गणपति मेडिकल स्टोर्स, मठपुरेना के रॉयल मेडिकल, फाफाडीह के मास्टर मेडिकल, बिरगांव के सागर मेडिकल, खरोरा के लक्ष्मी मेडिकल, आरंग स्थित ग्राम भैसा के छाया मेडिकल, कैलाशपुरी के टिकरापारा श्रीराम मेडिकल, संतोषीनगर के ऋषि मेडिकल में जांच के दौरान अनियमितता पाई गई। जांच के दौरान उनसे नारकोटिक्स औषधियां बरामद की गई हैं, जिनकी बिक्री के दस्तावेज उनके पास नहीं मिले। इनके खिलाफ ड्रग एक्ट के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अन्य मेडिकल स्टोर्स में औषधि नियमावली की अनियमितता पायी गयी है, जिन्हे नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। संतोषप्रद जवाब न मिलने पर लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

**इनका लाइसेंस हुआ निरस्त-** सहायक औषधि नियंत्रक बसंत कौशिक ने बताया कि 2 दिसंबर को हुई कार्रवाई में खरोरा के श्री मेडिकल और गुजरात मेडिकल स्टोर्स में नशीली दवाओं के क्रय-विक्रय में गंभीर अनियमितता मिली थी। दोनों का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। वहीं 12 दवा दुकानों का लाइसेंस लापरवाही की गंभीरता के आधार पर अलग-अलग अवधि के लिए निलंबित किया गया है। 11 दिसंबर को बिलासपुर में 45 दुकानों की जांच के बाद 29 मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस सस्पेंड किया गया है।

**लगेंगे सीसीटीवी कैमरे-** एनसीओआरडी कमेटी द्वारा राज्य में संचालित तमाम दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। संचालकों को इस बात की हिदायत भी दी गई है कि कैमरे कभी बंद नहीं किए जाएं और जरूरत के हिसाब से रिकार्ड रखा जाए। इसके साथ ही औषधि नियमों का पालन भी पूरी गंभीरता किया जाएगा। बिना चिकित्सकीय पर्ची के दवा की बिक्री नहीं की जाए और नशे के आदी लोगों को किसी भी हालत में दवा की बिक्री नहीं की जाए।

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-जुनियर एम.आई.जी-1/284 को श्री सोहन लाल यादव पिता स्व. श्री श्याम लाल यादव निवासीः- वार्ड नं. 16 बडे बचेली, दंतेवाडा, जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर उक्त भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। श्री सोहन लाल यादव पिता स्व. श्री श्याम लाल यादव की मृत्यु दिनांक 29.11.2020 को हो गया है। श्री वरूण कुमार यादव पिता स्व. श्री सोहन लाल यादव ने अपने पिता श्री सोहन लाल यादव पिता स्व. श्री श्याम लाल यादव की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है ।

उक्त भवन को श्री वरूण कुमार यादव पिता स्व. श्री सोहन लाल यादव के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में आबंटित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यु. एस. टाईप -I/20, को (01) श्री विनोद कुमार भारती पिता श्री दरश राम भारती, निवासीः- मकान नं. 118, सिनियर एम.आई.जी. ब्लॉक-सी, न्यु राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) एवं (02) श्रीमती कोम कुमारी कुर्रे पति श्री मुकुत दास कुर्रे, निवासीः- अकोलीकला, खुर्द पोस्ट भिलाई, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- महासमुंद के द्वारा पत्र क्रमांक 1228 दिनांक 21.12.2021 के माध्यम से सयुक्त नाम करने जारी किया गया है। आबंटी द्वारा भवन के मद में पूर्ण राशि जमा करने के उपरांत दिनांक 25.02.2022 को उपपंजीयक कार्यालय से पट्टा विलेख (रजिस्ट्री) निष्पादन किया गया है, पत्र क्रमांक 390 दिनांक 07.04.2021 के माध्यम से अधिपत्य आदेश जारी किया जा चुका है। वर्तमान में भवन के सहआबंटी/ हकत्यागकर्ता श्री विनोद कुमार भारती पिता श्री दरश राम भारती के द्वारा उक्त भवन को सहआबंटी/ हकप्राप्तकर्ता श्रीमती कोम कुमारी कुर्रे पति श्री मुकुत दास कुर्रे के पक्ष में हक त्याग करने हेतु आवेदन पत्र, नाटराईज्ड सहमति/ शपथ पत्र के साथ इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को हकप्राप्तकर्ता श्रीमती कोम कुमारी कुर्रे पति श्री मुकुत दास कुर्रे के पक्ष में "हक त्याग अनुमति/अनापत्ति पत्र" हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्वतंत्र भवन क्रमांक ई.डब्ल्यु.एस. टाईप- I/30 के हक-त्याग के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्वतंत्र भवन क्रमांक एल.आई.जी. - 247, को श्रीमती निभा नम्रता मसीह पति श्री राजू मसीह, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 05.12.2012 को लीजडीड (पट्टा - विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती निभा नम्रता मसीह पति श्री राजू मसीह, निवासीः- एच. आई.जी. विजेता काम्पलेक्स, न्यु राजेन्द्र नगर अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री सौरभ कुमार पिता श्री धनेश कुमार साहू, निवासीः- ग्राम निसदा पोस्ट पारागांव, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्वतंत्र भवन क्रमांक एल.आई.जी.-247 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी
परियोजना नवा रायपुर अटल नगर
जिला-रायपुर(छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्वतंत्र भवन क्रमांक एल.आई.जी.- 112, को श्री शिव कुमार गायकवाड़ पिता श्री छन्नुलाल गायकवाड, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 07.09.2019 को लीजडीड (पट्टा - विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री शिव कुमार गायकवाड़ पिता श्री छन्नुलाल गायकवाड, निवासीः- ग्राम व पोस्ट भानसोज तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री दाऊ लाल पाटिल पिता श्री रामदयाल पाटिल, निवासीः- ग्राम बरछा पोस्ट भानसोज तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्वतंत्र भवन क्रमांक एल.आई.जी. - 112 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी
परियोजना नवा रायपुर अटल नगर
जिला-रायपुर(छ.ग.)



## खबर संक्षेप



### मालवीय रोड-पेटी लाइन में चला बुलडोजर

**रायपुर।** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को मालवीय रोड, पेटीलाइन एवं चिकनी मंदिर मार्गों में अभियान चलाकर यहां अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की। इस दौरान टीम ने 32 अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान सड़क पर कब्जा कर रखे गए सामानों को भी जब्ती बनाया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन स्थानों में वर्तमान में कार्रवाई की गई है, उन स्थानों में दोबारा अतिक्रमण नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी जोन अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें।

### पं. शास्त्री की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**रायपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 59 वीं पुण्यतिथि पर 11 जनवरी को राजधानी रायपुर के शास्त्री चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है। नगर निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में निगम एवं संस्कृति विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होकर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्प, माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

### किराएदारों को मिले पक्के मकान



**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान मोर आवास योजना के तहत नगर निगम ने राजधानी रायपुर के सोनडोंगरी, मठपुरैना, कचना, दलदलसिवनी में निर्मित 176 नए आवासों को किराये के मकान में रहने वाले पात्र हितग्राहियों को आबंटित किया। इसके लिए निगम मुख्यालय भवन के सामान्य सभा हॉल में लॉटरी निकाली गई। इस लॉटरी में निकली पर्ची के नंबर के अनुसार हितग्राहियों को मकान अलॉट किया गया। जिन हितग्राहियों को मकान आबंटित किए गए हैं, उनके द्वारा 10 प्रतिशत की राशि जमा कराई गई है, शेष राशि जमा करने के बाद उन्हें मकानों की चाबी सौंपी जाएगी। इस दौरान निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, निगम अपर आयुक्त विनोद पांडेय, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, प्रभारी सहायक अभियंता अमित बोस सहित अन्य निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### रंजना शुक्ला

**रायपुर।** ग्राम बसहा, बलौदा निवासी रंजना शुक्ला का 10 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 जनवरी को गृहग्राम बसहा बलौदा में किया जाएगा। वे स्व. राजकुमार शुक्ला की पत्नी, समीर शुक्ला व नमीशा की माता और आयुष शुक्ला की दादी थीं।





*ब्रिज पर डामरीकरण का काम बुधवार देर शाम को खत्म हुआ था*

# मोवा ब्रिज पर घटिया डामरीकरण, पीडब्ल्यूडी मंत्री ने किया निरीक्षण, दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मोवा ओवरब्रिज पर घटिया डामरीकरण निर्माण कार्य की अब जांच होगी। लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को ब्रिज पर हुए डामरीकरण निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में डामरीकरण का कार्य गुणवत्ताहीन पाया, जिसके बाद उन्होंने इस मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। मोवा ओवरब्रिज पर डामरीकरण निर्माण का काम पूर्ण होने के कुछ घंटे बाद इस ब्रिज पर आवागमन शुरू होते ही रोड उखड़ने लगी थी। ब्रिज पर डामरीकरण का काम बुधवार देर शाम को खत्म हुआ था। इसके दूसरे दिन सुबह ब्रिज को आवागमन के लिए शुरू कर दिया गया था, लेकिन जैसे ही गाड़ियां यहां से गुजरने लगीं, रोड उखड़ना शुरू हो गई। देखते ही देखने रोड पर गिट्टी का अंबार लग गया, जिसके कारण डस्ट भी गाड़ियों के कारण उड़ने लगी। इधर रोड के उखड़ने की जानकारी मिलते ही लोक निर्माण विभाग में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने तुरंत एजेंसी प्रमुख को रोड की सफाई कराने के निर्देश दिए, जिसके बाद एजेंसी ने आनन-फानन में कर्मचारियों को लगाकर रोड की सफाई कराई और उखड़ी सड़क का मलबा को झाड़ू और मशीन के माध्यम से एक जगह एकत्र कर उसे बोरियों में भराकर दूसरी जगह डंप कराया। इधर इस घटिया डामरीकरण कार्य की जानकारी लोक निर्माण मंत्री तक पहुंची, जिसे संज्ञान में लेते हुए मंत्री ने मौके पर जाकर इस कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में निर्माण घटिया पाया गया, जिस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तत्काल अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए।

### इन बिंदुओं पर होगी जांच

मोवा ब्रिज डामरीकरण निर्माण की जांच के लिए बिंदु तय किए गए हैं। इसमें डामरीकरण कार्य में खराबी क्यों आई। इसके लिए कौन-कौन अधिकारी जिम्मेदार हैं। इसकी जांच मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। जांच की रिपोर्ट 3 दिन के भीतर सौंपनी होगी।

## जनरल कोच में ठंड से ठिठुरते रहे, परेशानी के बीच की यात्रा

# 200 वेटिंग यात्रियों के साथ कुंभ रवाना हुई सारनाथ, दरवाजे पर लटककर किया सफर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रयागराज में महाकुंभ का मेला 13 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। पहले दिन त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के लिए देशभर से लोग पहुंच रहे हैं, जिसको लेकर ट्रेनों में अब भारी भीड़ देखने को मिल रही है। स्पेशल ट्रेन की सुविधा पहले दिन जाने को लेकर नहीं है। इस वजह से शुक्रवार को रायपुर से प्रयागराज जाने के लिए सारनाथ में मेले जैसी भीड़ देखने को मिली। स्लीपर में वेटिंग 100 से अधिक रही, तो वहीं तीनों एसी कोच में ऐसा ही हाल रहा। लगभग 200 वेटिंग यात्रियों के साथ सारनाथ प्रयागराज रवाना हुई। दुर्ग से रायपुर पहुंचने से पहले प्लेटफार्म 5 पर हर कोच के बाहर यात्रियों का रेला दिखाई दिया। कन्फर्म टिकट होने के बाद भी किसी तरह यात्री एसी और स्लीपर कोच में दाखिल हुए, तो अंदर का नजारा जनरल जैसा था। जनरल कोच में सीट पर पहुंच पाना मुश्किल होने लगा था। दुर्ग से ट्रेन 20 प्रतिशत यात्रियों के साथ पहुंची थी, लेकिन रायपुर में सभी कोच यात्रियों से भर गए। 800 से अधिक यात्री केवल रायपुर से चढ़े, जिसमें सर्वाधिक यात्री प्रयागराज के रहे।

### खास बातें

- दुर्ग से 20 प्रतिशत यात्री बैठे, रायपुर पहुंचते ही ट्रेन हो गई पैक
- प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहा महाकुंभ, पहले दिन शामिल होने सारनाथ में रही भारी भीड़



### आज भी रहेगी भारी भीड़

सारनाथ में प्रयागराज के साथ-साथ बिहार जाने वाले यात्रियों की भीड़ है। पहले दिन महाकुंभ में शामिल होने के लिए आज भी सारनाथ, बरौनी एक्सप्रेस में भारी भीड़ देखने को मिलेगी। 20 जनवरी के बाद दोनों ट्रेनों में वेटिंग 60 से अधिक है। आज और कल स्लीपर में वेटिंग 100 के करीब पहुंच गया है।

### स्लीपर और एसी कोच में ठसाठस भीड़

रायपुर से उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए इन दिनों रोजाना 2 हजार से अधिक लोग ट्रेन में सफर कर रहे हैं। दिन में 3 ट्रेन होने के बावजूद ट्रेनों में वेटिंग सूची 100 से कम नहीं हो रही है। समता, सारनाथ, दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस के स्लीपर, जनरल और एसी कोच में भी ठसाठस भीड़ रही। कन्फर्म टिकट के यात्रियों को भी अपनी सीट में पहुंचने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। प्रयागराज जाने के लिए जनरल और स्लीपर में यात्री लटक कर पटना तक जाने को तैयार रहे। जनरल कोच में यात्रियों की भीड़ इतनी हो चुकी है कि एक सीट पर आठ यात्रियों को बैठकर सफर करना पड़ा रहा है। आमतौर पर लंबी सीट में 4 यात्री बैठते हैं। यात्रियों की भीड़ होने से ट्रेन से नीचे उतरने वाले यात्रियों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रेनों में यह स्थिति 6 दिनों तक और बनी रहेगी।

### कोच के अंदर यात्रियों ने फेंका सामान

शुक्रवार को जब ट्रेन रायपुर प्लेटफार्म पर रुकी तो यात्रियों ने चढ़ने से पहले अपना सामान कोच के अंदर फेंकना शुरू कर दिया। जनरल कोच में 20 प्रतिशत सीट ही खाली थी, लेकिन चढ़ने वाले यात्रियों की संख्या में 100 से 150 तक थी। इसी तरह स्लीपर में भी कन्फर्म के साथ वेटिंग यात्रियों की भीड़ एक साथ चढ़ी। पहले दिन प्रयागराज जाने के लिए लोगों में उत्साह दिखाई दिया। भीड़ होने के बाद भी यात्री खड़े होकर सफर करने को तैयार नजर आए। जनरल कोच में दरवाजे के बाहर तो वहीं कई यात्री ठंड में ठिठुरते हुए सफर करते दिखे। ट्रेन में भीड़ इतनी थी कि यात्री ट्रेन के निर्धारित समय पर नहीं चढ़ पाए।

## निलंबित बीमा चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अफसर ने कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं से संबंधित अकाउंट से सेल्फ चेक से निकाले 19 लाख रुपए

कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं से संबंधित अकाउंट से सेल्फ चेक से 19 लाख रुपए आहरण कर अमानत में खयानत करने वाले निलंबित बीमा चिकित्सा अधिकारी (प्रथम श्रेणी) के खिलाफ अमानत में खयानत का राखी थाने में अपराध दर्ज किया गया है। निलंबित अफसर के खिलाफ संचालनालय में पदस्थ बीमा चिकित्सा अधिकारी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

डॉ. जयंती सिंह की शिकायत पर पुलिस ने डॉ. राजेश डेगन के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। डॉ. डेगन पर आरोप है कि उसने कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं से संबंधित बैंक ऑफ बड़ौदा की तीन अलग-अलग शाखाओं से सेल्फ चेक के माध्यम से 21 नवंबर 2022 से 16 मई 2023 के बीच 19 लाख 20 हजार रुपए आहरण किया है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि अनाधिकृत तौर पर यह राशि निकालने डॉ. डेगन ने अपना अपराध स्वीकार किया है। विभाग को इस बात की जानकारी ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद मिली। बीमा अधिकारी द्वारा अनाधिकृत तौर पर राशि निकाले जाने की स्वीकारोक्ति के बाद निलंबित कर जांच की गई। इसके बाद डॉ. डेगन के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

### फ्यूचर वर्क्स पर 2 हजार का जुर्माना



**रायपुर।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड 7 में विधानसभा मार्ग मोवा में संचालित फ्यूचर वर्क्स रायपुर की प्लास्टिक से सम्बंधित सामान बनाने वाली फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां प्रदूषण एवं गंदगी मिली। इस मामले में फैक्ट्री संचालक पर कार्रवाई करते हुए दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया। इस दौरान अधिकारी ने भविष्य में प्रदूषण व गंदगी मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

## बाइक की आमने-सामने टक्कर से दो युवकों की मौके पर ही मौत

- विधानसभा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह की घटना

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में दो बाइक की आमने-सामने टक्कर से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना गुरुवार सुबह साढ़े 11 बजे की है। मृतक बरबंदा के रहने वाले हैं। सड़क दुर्घटना में जिन लड़कों की मौत हुई है, उनमें एक लड़का अपने मामा की बाइक लेकर बाल कटवाने गया था।

दूसरा लड़का किसी अन्य काम से निकला था। पुलिस के अनुसार बरबंदा हाई स्कूल के पास ललित कुमार वर्मा तथा योगेश कुमार बंजारे तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए आपस में आमने-सामने टकरा गए। बाइक की टक्कर से दोनों के सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। ललित के साथ बाइक पर पीछे बैठे अमन वर्मा का पैर फैक्चर हो गया। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने ललित तथा योगेश को मृत घोषित कर दिया। योगेश अपने मामा की बाइक लेकर बाल कटवाने के लिए निकला था।

## चार गांजा तस्करों को 15-15 साल की कैद, छह लाख जुर्माना

- तीन साल पूर्व डीआरआई ने गांजा तस्करी करते चार को गिरफ्तार किया था

**रायपुर।** गांजा तस्करी करने के आरोप में कोर्ट ने आंध्र प्रदेश से गांजा तस्करी कर ला रहे चार तस्करों को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की एनडीपीएस कोर्ट ने तस्करों को 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियेजक विनोद भगत के मुताबिक कोर्ट ने एमडी मल्लेश्वरम राव, अतबुढ़ी बोसू, सेना दे भुजंग राव, मधुकर गोरे तथा एक अन्य फरार आरोपी प्रदीप आदिनाथ फुटके को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। डीआरआई ने मुखबिर की सूचना पर तीन जनवरी 2021 को अभनपुर के पास आंध्र प्रदेश के ट्रक को नाकेबंद कर रोका। ट्रक की जांच करने पर बोरे में भरे गांजा के 720 पैकेट बरमाद किए गए। जब्त गांजा का कुल वजन 1533 किलो था। गांजा को खाद की बोरी के बीच छिपाकर आंध्र प्रदेश से तस्करी कर लाया गया था। कार्रवाई के दौरान प्रदीप आदिनाथ डीआरआई की आंखों में धूल झोंक कर फरार हो गया था।

## एडिट रजिस्ट्रेशन ने दिलाई बड़ी राहत, मॉपअप राउंड में चुन सकेंगे नया विषय और कालेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रवेश के लिए नया विषय और नया कालेज चुनने के लिए मेडिकल छात्रों को बड़ी राहत मिली है। दूसरे राउंड में प्रवेश से चूके छात्र मॉपअप में इसका उपयोग कर सकेंगे। एमडी-एमएस की खाली सीटों में प्रवेश के लिए परसेंटाइल में संशोधन के बाद पात्रों की श्रेणी में छात्र 13 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। प्रदेश के निजी और शासकीय मिलाकर नौ मेडिकल कालेजों में पीजी विषयों में पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। दो राउंड की काउंसिलिंग के बाद प्रदेश में नॉन क्लीनिकल की काफी संख्या में सीटें खाली हैं। इन सीटों पर एडमिशन के लिए एमसीसी द्वारा परसेंटाइल भी कम किया जा चुका है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार से मॉपअप राउंड के लिए पात्र उम्मीदवारों का आवेदन लिया जा रहा है। इसके साथ पुराने छात्रों को भी एडिट आप्शन की सुविधा दी गई है। काउंसिलिंग के दौरान दूसरे राउंड में यह सुविधा नहीं होने की वजह से भी बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने का दावा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन सहित अन्य संगठनों ने एडिट पंजीयन की सुविधा देने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि केवल नए पंजीयन के आधार पर सुविधा देना पूर्व पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए न्यायसंगत नहीं है। उनकी मांगों को ध्यान में रखते हुए मॉपअप राउंड में उन्हें एडिट पंजीयन की सुविधा भी प्रदान की गई है। अनुमान है कि मॉपअप राउंड में सीट आवंटन और एडमिशन की प्रक्रिया जनवरी के दूसरे पखवाड़े में पूरी की जाएगी।

## पेज 11 के शेष

### मोवा ब्रिज ही...

सड़कों का डामरीरण दिसंबर में किया गया, उनकी परतें उखड़ने लगी हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों की दोपहिया व कारों की चाल सड़क पर बची बजरी गिट्टी बिगाड़ रही है। राजधानी के मोवा ओवरब्रिज पर 3 से 7 जनवरी के बीच रात-दिन काम करके किए गए रीकंट्रक्शन में लापरवाही की पोल खुली। इसके बाद हरिभूमि ने लोगों की सुविधा के लिए हाल-फिलहाल में बनवाई गई सड़कों की पड़ताल की। इस दौरान शहर के बीच में ही कई ऐसे मार्ग मिले, जिनका 20 से 80 लाख रुपए खर्च करके डामरीकरण करवाया गया।

### इस बार एमपी के...

साथ उसकी किडनी भी कमजोर हो चुकी है। ऑपरेशन के दौरान किडनी के खराब होने और मरीज के डायलिसिस तक जाने का खतरा था। परिवार वालों की जानकारी के बाद चिकित्सकों की टीम ने यह जोखिम उठाया और गहन सर्जरी कर हार्ट में टाइटेनियम मेटल के दो वाल्व लगाए गए और तीसरे वाल्व को रिपेयर किया गया। ऑपरेशन सफल होने के बाद मरीज की स्थिति में काफी सुधार हो चुका है। इस जोखिम भरी सर्जरी में डा. कृष्णकांत साहू का साथ कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. संकल्प, क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉ. श्रुति तुरकर, परफ्यूशनिस्ट राहुल एवं डिगेश्वर, ओटी टेक्निशियन भूपेंद्र, हरीश, निराकार एवं नर्सिंग स्टाफ राजेन्द्र, नरेन्द्र, चोवा एवं दुष्यंत ने दिया।

### नशीली दवा की खोज...

बाद शुक्रवार को पुनः संयुक्त टीम ने राजधानी की 25 दुकानों की जांच की। जांच टीम में 12 औषधि निरीक्षक तथा पुलिस निरीक्षक, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों की 14 सदस्यीय टीम शामिल थी। 12 अलग-अलग टीम बनाकर जांच की गई। इसमें पचपेढ़ी नाका के सुमित मेडिकल, गुढ़ियारी के भवानी मेडिकल, गणपति मेडिकल स्टोर्स, मठपुरेना के रॉयल मेडिकल, फाफाडीह के मास्टर मेडिकल, बिरगांव के सागर मेडिकल, खरोरा के लक्ष्मी मेडिकल, आरंग स्थित ग्राम भैंसा के छाया मेडिकल, कैलाशपुरी के टिकरापारा श्रीराम मेडिकल, संतोषीनगर के ऋषि मेडिकल में जांच के दौरान अनियमितता पाई गई। जांच के दौरान उनसे नारकोटिक्स औषधियां बरामद की गई हैं, जिनकी बिक्री के दस्तावेज उनके पास नहीं मिले। इनके खिलाफ ड्रग एक्ट के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अन्य मेडिकल स्टोर्स में औषधि नियमावली की अनियमितता पायी गयी है, जिन्हे नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। संतोषप्रद जवाब न मिलने पर लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

**इनका लाइसेंस हुआ निरस्त**

सहायक औषधि नियंत्रक बसंत कौशिक ने बताया कि 2 दिसंबर को हुई कार्रवाई में खरोरा के श्री मेडिकल और गुजरात मेडिकल स्टोर्स में नशीली दवाओं के क्रय-विक्रय में गंभीर अनियमितता मिली थी। दोनों का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। वहीं 12 दवा दुकानों का लाइसेंस लापरवाही की गंभीरता के आधार पर अलग-अलग अवधि के लिए निलंबित किया गया है। 11 दिसंबर को बिलासपुर में 45 दुकानों की जांच के बाद 29 मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस सस्पेंड किया गया है।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-जुनियर एम.आई.जी.-1/284 को श्री सोहन लाल यादव पिता स्व. श्री श्याम लाल यादव निवासीः- वार्ड नं. 16 बडे बचेली, दंतेवाडा, जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर उक्त भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। श्री सोहन लाल यादव पिता स्व. श्री श्याम लाल यादव की मृत्यु दिनांक 29.11.2020 को हो गया है। श्री वरूण कुमार यादव पिता स्व. श्री सोहन लाल यादव ने अपने पिता श्री सोहन लाल यादव पिता स्व. श्री श्याम लाल यादव की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है ।

उक्त भवन को श्री वरूण कुमार यादव पिता स्व. श्री सोहन लाल यादव के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में आबंटित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यु. एस. टाईप -I/20, को (01) श्री विनोद कुमार भारती पिता श्री दरश राम भारती, निवासीः- मकान नं. 118, सिनियर एम.आई.जी. ब्लॉक-सी, न्यु राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) एवं (02) श्रीमती कोम कुमारी कुर्रे पति श्री मुकुत दास कुर्रे, निवासीः- अकोलीकला, खुर्द पोस्ट भिलाई, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- महासमुंद के द्वारा पत्र क्रमांक 1228 दिनांक 21.12.2021 के माध्यम से संयुक्त नाम करने जारी किया गया है। आबंटी द्वारा भवन के मद में पूर्ण राशि जमा करने के उपरांत दिनांक 25.02.2022 को उपपंजीयक कार्यालय से पट्टा विलेख (रजिस्ट्री) निष्पादन किया गया है, पत्र क्रमांक 390 दिनांक 07.04.2021 के माध्यम से अधिपत्य आदेश जारी किया जा चुका है। वर्तमान में भवन के सहआबंटी/हकत्यागकर्ता श्री विनोद कुमार भारती पिता श्री दरश राम भारती के द्वारा उक्त भवन को सहआबंटी/ हकप्राप्तकर्ता श्रीमती कोम कुमारी कुर्रे पति श्री मुकुत दास कुर्रे के पक्ष में हक त्याग करने हेतु आवेदन पत्र, नाटराईज्ड सहमति/ शपथ पत्र के साथ इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को हकप्राप्तकर्ता श्रीमती कोम कुमारी कुर्रे पति श्री मुकुत दास कुर्रे के पक्ष में "हक त्याग अनुमति/अनापत्ति पत्र" हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्वतंत्र भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. टाईप- I/30 के हक-त्याग के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्वतंत्र भवन क्रमांक एल.आई.जी. - 247, को श्रीमती निभा नम्रता मसीह पति श्री राजू मसीह, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 05.12.2012 को लीजडीड (पट्टा - विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती निभा नम्रता मसीह पति श्री राजू मसीह, निवासीः- एच. आई.जी. विजेता काम्पलेक्स, न्यु राजेन्द्र नगर अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री सौरभ कुमार पिता श्री धनेश कुमार साहू, निवासीः- ग्राम निसदा पोस्ट पारागांव, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्वतंत्र भवन क्रमांक एल.आई.जी.-247 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी
परियोजना नवा रायपुर अटल नगर
जिला-रायपुर(छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्वतंत्र भवन क्रमांक एल.आई.जी.- 112, को श्री शिव कुमार गायकवाड़ पिता श्री छन्नुलाल गायकवाड, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 07.09.2019 को लीजडीड (पट्टा - विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री शिव कुमार गायकवाड़ पिता श्री छन्नुलाल गायकवाड, निवासीः- ग्राम व पोस्ट भानसोज तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री दाऊ लाल पाटिल पिता श्री रामदयाल पाटिल, निवासीः- ग्राम बरछा पोस्ट भानसोज तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्वतंत्र भवन क्रमांक एल.आई.जी. - 112 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी
परियोजना नवा रायपुर अटल नगर
जिला-रायपुर(छ.ग.)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सुबोध सिंह ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह को प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। उनके कार्यभार ग्रहण करने से डॉ. रोहित यादव से इसी विभाग का अतिरिक्त प्रभार वापस लिया गया है। उनके पास पॉवर वितरण कंपनी और पॉवर उत्पादन कंपनी के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार यथावत रहेगा। वे ऊर्जा विभाग के सचिव भी हैं। डा. यादव 14 जनवरी से 24 मार्च 2025 तक 70 दिनों के अवकाश पर रहेंगे। उनके अवकाश पर रहने पर उनके विभागों का प्रभार सुबोध सिंह के पास रहेगा।



### धावड़े को आबकारी आयुक्त का प्रभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक श्याम धावड़े को आबकारी आयुक्त का प्रभार दिया गया है। बताया गया है कि मौजूदा आयुक्त आर शंगीता मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने के लिए 6 जनवरी से 31 जनवरी तक राज्य से बाहर रहेंगी। इस अवधि के लिए श्री धावड़े को आबकारी आयुक्त का प्रभार दिया गया है। इस अवधि में श्री धावड़े के पास उनका मौजूदा प्रभार ब्रेवरेज कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक का दायित्व भी पूर्ववत संभालते रहेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।

### सीएस जैन अवकाश पर, रेणु को प्रभार

**रायपुर।** राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 14 से 21 जनवरी तक अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान एसीएस रेणु पिल्ले सीएस के प्रभार में रहेंगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। प्रभारी सीएस होने के साथ साथ रेणु पिल्ले अपने विभाग का कामकाज भी पूर्ववत संभालती रहेंगी।

### रूपनारायण योग आयोग के अध्यक्ष

**रायपुर।** रायपुर एवं बस्तर के पूर्व संभागीय संगठन मंत्री रूपनारायण सिन्हा को प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ योग आयोग का अध्यक्ष नियुक्ति किया है। इसी के साथ राकेश दुबे को सदस्य नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्विट करके नियुक्ति की जानकारी देते हुए बधाई भी दी है।

### बैज बोले- भाजपा सरकार बनने के बाद गो तस्करी और गो मांस की हो रही बिक्री

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार के संरक्षण में गो हत्या हो रही है, गायों की तस्करी हो रही है, गो मांस की बेधड़क बिक्री हो रही है और आरएसएस के अनुसांगिक संगठन प्रदर्शन का दिखावा कर राजनीतिक पाखंड कर रहे हैं। साय सरकार की नाकामी से ध्यान भटकाने के लिए बजरंगी सड़कों पर उन्माद फैला रहे हैं, अराजकता फैला रहे हैं। आरएसएस और उनके अनुषांगिक संगठनों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार से जवाब मांगना चाहिए, गृह मंत्री से इस्तीफा मांगना चाहिए। प्रदेश एवं देश में भाजपा की सरकार है।



# सरकार ने खोला सरकारी नौकरियों का पिटारा, व्यापमं परीक्षाओं का कैलेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए शासकीय सेवा का पिटारा खोल दिया है। विभिन्न विभागों के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा एवं प्रवेश परीक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने 2025 के लिए कैलेंडर जारी कर दिया है। व्यापम द्वारा जारी किए गए वार्षिक कैलेंडर में 32 से अधिक परीक्षाओं की संभावित तिथियां दी गई हैं, जिसमें उप अभियंता, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक, एडीईओ से लेकर पुलिस कांस्टेबल, स्टॉफ नर्स, वार्ड ब्वॉय तक के पद शामिल हैं। ये परीक्षाएं 9 मार्च 2025 से शुरू होकर 21 दिसम्बर 2025 तक चलेंगी।

## 32 से अधिक परीक्षाएं लेगा व्यापम, कई विभागों के लिए होंगी भर्तियां

### लोक निर्माण, आबकारी, उच्चशिक्षा में अवसर

लोक निर्माण विभाग में उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत,यांत्रिकी) पदों के लिए परीक्षा तिथि 13 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग में उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) पद के लिए परीक्षा 20 जुलाई, आयुक्त आबकारी में आबकारी आरक्षक पद के लिए 27 जुलाई, उच्च शिक्षा संचालनालय में प्रयोगशाला परिचारक पद के लिए परीक्षा 03 अगस्त, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में डार्करूम असिस्टेंट, पेस्टिंग बॉय, ऑग्जीलरी, इंकमैन/इंकर, जूनियर बाईडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य, हेल्पर (समूह-6) पदों के लिए परीक्षा 31 अगस्त तथा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) एवं 06 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (कंसट्रक्शन, मेंटनेंस), उप प्रबंधक (उपयंत्री), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ), कनिष्ठ प्रबंधक-(2), (आईटी, प्रोग्रामर), कनिष्ठ संवर्ग (आईटी विशेषज्ञ), उप प्रबंधक (प्रोग्रामर) एवं सहायक प्रबंधक (सहायक प्रोग्रामर) पदों की परीक्षा तिथि 7 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है।




### पुलिस, स्वास्थ्य, जलसंसाधन के पद

इसी तरह गृह पुलिस विभाग अंतर्गत आरक्षक संवर्ग 14 सितम्बर, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्टाफ नर्स 21 सितम्बर एवं वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया 12 अक्टूबर और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं महिला 09 नवम्बर 2025 को परीक्षाएं आयोजित होगी। मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग के विभिन्न पदो पर 30 नवम्बर, जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन 07 दिसम्बर, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर अंतर्गत अनुवादक 14 दिसम्बर और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत केमिस्ट पदों के लिए 21 दिसम्बर को संभावित परीक्षा तिथि जारी की गई है।

### कृषि, पीएचई, नर्सिंग में ये नौकरियां

संचालनालय कृषि विभाग के अंतर्गत जिनमें प्रयोगशाला सहायक 09 मार्च 2025 और सहायक सांख्यिकी अधिकारी 13 अप्रेल 2025, संचालनालय मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक 23 मार्च 2025, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल एवं वि/यां.), तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत पी.पी.टी. और प्री.एम.सी.ए. का 01 मई, पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. की परीक्षाएं 08 मई 2025 को होगी। पीएटी-प्रीव्हीपीटी 15 मई, प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड 22 मई, बीएससी नर्सिंग 29 मई, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षाएं 05 जून 2025 को। इसी प्रकार सहायक विकास विस्तार अधिकारी 15 जून, नगर सैनिक का 22 जून 2025 को परीक्षा संभावित है।

## चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े का जल्द होगा रायपुर आगमन

# भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा एक ही दिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष के साथ ही राज्य के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चुनाव होगा। जल्द ही राष्ट्रीय संगठन से बनाए गए चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े का रायपुर आना होगा। उनके आने पर ही यहां एक ही दिन प्रदेशाध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए देशभर में भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होना है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कुछ मंत्रियों, सांसद, विधायक और प्रदेश के वरिष्ठ दिग्गज भाजपा नेताओं को सदस्य बनाया जाएगा। प्रदेश में रायशुमारी कर 17 नाम तय किए जाएंगे, इसके बाद इनका नामांकन भरवाने के बाद इनके नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में चुनाव होने की स्थिति में जहां मतदान का अधिकार रहता है, वहीं प्रस्तावक और समर्थक भी बन सकते हैं। छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभाएं हैं, ऐसे में इससे डेढ़ गुना 17 सदस्य यहां पर बनेंगे। भाजपा का देश भर में संगठन चुनाव चल रहा है। 15 जनवरी तक सभी राज्यों में जिलाध्यक्षों के बाद राज्यों के अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव किया जाना है। अब तक छत्तीसगढ़ ही ऐसा पहला राज्य है जहां पर जिलाध्यक्षों के चुनाव हुए हैं, बाकी स्थानों में इसकी प्रक्रिया चल रही है। पड़ोसी राज्य मप्र में भी अब तक जिलाध्यक्षों का चुनाव पूरा नहीं हो सका है।

### एक साथ होगा चुनाव

राष्ट्रीय संगठन द्वारा बनाए गए चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े के आने की तिथि जब दिल्ली से मिलेगी, तो उनके आने पर यहां पर प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का एक साथ चुनाव होगा।

- खूबचंद पारख
प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी

## रूपकुमारी रायपुर, धरमलाल बिलासपुर, संतोष दुर्ग विक्रम बस्तर, गोमती सरगुजा की संभागीय संयोजक



प्रदेश भाजपा संगठन ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर एक दिन पहले महामंथन के बाद अब टीम का ऐलान करना प्रारंभ कर दिया है। शुक्रवार को संभागीय चयन समितियों का ऐलान किया गया। इसमें रायपुर संभाग का जिम्मा सांसद रूपकुमारी चौधरी, बिलासपुर का धरमलाल कौशिक, दुर्ग का सांसद संतोष पांडेय, बस्तर का विक्रम उसेंडी और सरगुजा का गोमती साय को दिया गया है। चयन समिति में एक से डेढ़ दर्जन सदस्य भी रखे गए हैं। इसी के साथ प्रदेश की टीम में भूपेंद्र सवन्नी संयोजक, संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, रामजी भारती, महेश गागड़ा, अनुराग सिंह देव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, छगनलाल मूंदड़ा, दीपक म्हस्के, अमित चिमनानी को रखा गया है। रायपुर संभाग की टीम में दिग्गज नेताओं को रखा गया है। इनमें सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अजय चंद्राकर, अनुज शर्मा, रोहित साहू, गुरु खुशवंत साहेब, इंद्रकुमार साहू, योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल, भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, शिवरतन शर्मा और प्रफुल्ल विश्कर्मा शामिल हैं।

### दुर्ग संभाग की समिति

सांसद विजय बघेल, मधुसूदन यादव, रामजी भारती, भरतलाल वर्मा, अवधेश चंदेल, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, भावना बोहरा, ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, रिकेश सेन, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, अभिषेक सिंह को सदस्य बनाया गया है।

### बिलासपुर संभाग की समिति

समिति में देवेंद्र प्रताप सिंह (सांसद राज्यसभा), सांसद राधेश्याम राठिया, कमलेश जांगड़े, विधायक पुन्नूलाल मोहले, अमर अग्रवाल, निर्मल सिन्हा, विकास रंजन महतो, नारायण चंदेल, विधायक धर्मजीत सिंह, प्रेमचंद पटेल, सुशांत शुक्ला, प्रणव कुमार मरपच्ची को सदस्य बनाया गया है।

### सरगुजा संभाग की समिति

सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक रेणुका सिंह, रामप्रताप सिंह, कमलमान सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, परमेश्वरी राजवाड़े, कृष्णकुमार राय, भीमसेन अग्रवाल, भैयालाल राजवाड़े, रायमुनि भगत, उद्देश्वरी पैकरा, प्रबोध मिंज, भूलन सिंह मरावी, शकुंतला सिंह पोर्ते, राजेश अग्रवाल, रामकुमार टोप्पो को सदस्य बनाया गया है।

### बस्तर संभाग की समिति

विधायक लता उसेण्डी, सांसद महेश कश्यप, भोजराज नाग, दिनेश कश्यप, डॉ. सुभाऊ कश्यप, महेश गागड़ा, श्रीनिवास राव मद्दी, विधायक विनायक गोयल, चैतराम अटामी, नीलकंठ टेकाम, आशाराम नेताम को सदस्य बनाया गया है।

## भाजपा ने किया नगर पालिकाओं के लिए प्रभारियों का ऐलान

*नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने प्रदेश की नगर पालिकाओं के लिए प्रभारियों का ऐलान कर दिया है। इसमें गोबरा नवापारा अंजय शुक्ला, तिल्दा संतोष उपाध्याय आरंग चंदूलाल साहू, मंदिर हसौद ओमप्रकाश देवांगन, अभनपुर रंजना साहू, महासमुंद जिले के महासमुंद लक्ष्मी वर्मा, बागबाहरा श्रीचंद सुंदरानी, सरायपाली अवधेश जैन, भाटापारा देवजी भाई पटेल, बलौदाबाजार अशोक पाण्डेय, सिमगा डॉ. विमल चोपड़ा, गरियाबंद का किशोर महानंद को प्रभारी बनाया गया है। दुर्ग संभाग में अहिवारा सचिन बघेल, कुम्हारी डॉ. सियाराम साहू, अमलेश्वर पूनम चंद्राकर, बालोद रिकेश सेन, दल्लीराजहरा संतोष अग्रवाल, बेमेतरा प्रदीप गांधी, डोंगरगढ़ लामचंद बाफना, कवर्धा लोकेश कावड़िया, पंडरिया का गौरीशंकर श्रीवास को प्रभारी बनाया गया है। बिलासपुर संभाग में तखतपुर दुर्गा महेश्वर, रतनपुर डॉ. खिलावन साहू, बोदरी गुलाब चंदेल, पेण्ड्रा नवीन पटेल, गोरेला शैलेष शिवहरे, मुंगेली पवन गर्ग, लोरमी किशोर राय, जांजगीर नैला प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, चांपा अशोक चावलानी, अकलतरा ललित माखीजा, सक्ती जोगेश लाम्बा, दीपका राकेश तिवारी, कटघोरा हर्षिता पाण्डेय, बांकी मोंगरा दिनेश सिंह, खरसिया संयोगिता सिंह जूदेव को प्रभारी बनाया गया है। सरगुजा संभाग में बलरामपुर ओमप्रकाश सिन्हा, सूरजपुर अंबिकेश केसरी, जशपुर नगर निर्मल सिन्हा, पत्थलगांव राजकुमार अग्रवाल, मनेन्द्रगढ़ का रितेश गुप्ता को प्रभारी बनाया गया है। बस्तर संभाग में कोण्डागांव डॉ सुभाऊ कश्यप, नारायणपुर शालिनी राजपूत, कांकेर अभिषेक शुक्ला, किरन्दुल सत्यजीत सिंह चौहान, बड़े बचेली बैदुराम कश्यप, दंतेवाड़ा बृजमोहन अग्रवाल, बीजापुर लच्छू राम कश्यप, सुकमा का विद्याशरण तिवारी को प्रभारी बनाया गया है।*

## साव बोले-निकाय चुनाव में एससी एसटी का आरक्षण जनसंख्या के आधार पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के आरक्षण के आरोप पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया को पता है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण की व्यवस्था जनसंख्या के आधार पर होती है और निकायों में जनसंख्या के आधार पर ही आरक्षण हुए हैं। कांग्रेस हमेशा भ्रम फैलाकर राजनीति करती आई है। लोगों के बीच बेबुनियाद बातें रखना कांग्रेस की आदत रही है। उन्होंने कहा कि आरक्षण की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार हुई है और अनुसूचित जनजाति को शहर व गांव में जनसंख्या के आधार पर ही आरक्षण मिला है।



श्री साव ने कहा कि, मुंगेली स्थित सरगांव के पास एक फैक्ट्री में दुर्भाग्यजनक घटना हुई है। जिला प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंचा है। राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है। लगातार अधिकारियों के संपर्क पर हूं। श्रमिकों के साथ मेरी पूरी संवेदना है। हमारा पूरा ध्यान बचाव कार्य पर है। शहर में गौ मांस की बिक्री पर उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि, गौ मांस की बिक्री पर हमने कार्रवाई की है। इस पर हमारी सरकार गंभीर है। गौ तस्करी और गौ मांस बिक्री के खिलाफ हमने पूरी तैयारी की है। रायपुर में जो एक्शन लिया है ये उसी का नतीजा है। कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सरकार आगे भी कड़ी कार्रवाई करेगी।

**जल्द होगा खत्म, पटवारी संघ ने कहा- जारी रहेगा**

# पटवारियों के आंदोलन से ऑनलाइन काम ठप, राजस्व मंत्री बोले-चर्चा जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेशभर के पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार का आंदोलन 23वें दिन भी जारी रहा, जिसके कारण राजस्व संबंधी ऑनलाइन काम पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। इसके कारण भू-अभिलेखों में नामांतरण, बंदोबस्त अभिलेखों में सुधार, खसरा व धारा 114 के तहत भू-अभिलेख, नजूल भूमि हस्तांतरण, व्यपवर्तन, डिजिटल साइन, सीमांकन से लेकर प्रॉपर्टी नामांतरण के काम हो नहीं पा रहे हैं। न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई पर इस आंदोलन का असर देखा जा रहा है, जिसके कारण कलेक्टोरेट से लेकर तहसील न्यायालयों में पेशी की तारीख लगातार बढ़ाई जा रही है। इधर पटवारियों के आंदोलन को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि उनकी मांगों पर चर्चा जारी है। आंदोलन जल्द खत्म हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि चर्चा तो जारी है, लेकिन मांग के अनुसार शासन भत्ता देने को तैयार नहीं है, इसलिए आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक मांग मानी नहीं जाती।



### चर्चा जारी, जल्द खत्म होगा आंदोलन

पटवारी संघ की मांगों पर विचार किया जा रहा है। उनकी मांगों पर संघ के पदाधिकारियों से चर्चा की जा रही है। आगामी कुछ दिनों में आंदोलन खत्म हो जाएगा।

- टंकराम वर्मा
मंत्री राजस्व विभाग

### ऑनलाइन काम के लिए संसाधन एवं भत्ता की मांग कर रहे पटवारी

छत्तीसगढ़ पटवारी संघ द्वारा शासन से ऑनलाइन काम करने के लिए कम्प्यूटर सिस्टम, मोबाइल, इंटरनेट आदि संसाधन से लेकर भत्ता की मांग की जा रही है। संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि वर्तमान में ज्यादातर काम भुइंया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है, लेकिन इसके लिए शासन द्वारा न ही कम्प्यूटर सिस्टम, मोबाइल व इंटरनेट आदि की सुविधा मुहैया कराई गई है और न ही किसी प्रकार का भत्ता दिया जा रहा है।

### एक हजार रुपए भत्ते पर नहीं बनी सहमति

भागवत कश्यप ने बताया कि संघ के पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा चल रही है। इस चर्चा के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों की ओर से ऑनलाइन काम के लिए संसाधन की सुविधा के एवज में प्रत्येक माह एक हजार रुपए भत्ता के रुप में राशि देने का प्रस्ताव रखा गया है जो बहुत कम है, क्योंकि इंटरनेट का बिल ही महीने में एक हजार रुपए आएगा।

# राजनांदगांव-कवर्धा में पेंच सुलझा आज होगा जिलाध्यक्षों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश में भाजपा के संगठन चुनाव में 36 में से 34 जिलों का चुनाव हो गया है, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडेय के लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के साथ गृहमंत्री विजय शर्मा के क्षेत्र कवर्धा में भी बड़े नेताओं के समर्थकों के नाम के कारण पेंच फंस गया है। यहां लगातार एक नाम पर सहमति बनाने के प्रयास के बाद अब पेंच सुलझने का दावा किया जा रहा है। अब दोनों जिलों में शनिवार को जिलाध्यक्षों का चुनाव करके नामों का ऐलान शाम तक कर दिया जाएगा।

राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष के लिए जो नाम आए हैं, उसमें एक नाम कोमल राजपूत का है। इनको डॉ. रमन सिंह का समर्थक बताया जा रहा है और यह नाम डॉ. रमन सिंह की तरफ से आया है। दूसरी तरफ सांसद संतोष पांडेय की तरफ से सौरभ कोठारी का नाम आया है। एक और नाम रविंद्र वैष्णो का भी है। डा. रमन सिंह और संतोष पांडेय द्वारा भेजे गए नामों के कारण पेंच फंस गया था, लेकिन अब इस पेंच को सुलझाने की बात की जा रही है। एक नाम पर सहमति बन गई है। किस नाम पर सहमति बनी है, इसका खुलासा नहीं किया जा रहा है, लेकिन शनिवार को चुनाव करके नाम का ऐलान कर दिया जाएगा।

### आज होगा चुनाव

कवर्धा और राजनांदगांव के जिलाध्यक्षों का चुनाव किसी कारणवश नहीं हो सका था, अब वहां पर शनिवार को चुनाव के बाद शाम को नामों का ऐलान कर दिया जाएगा।

- खूबचंद पारख, प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी

### कवर्धा में भी सहमति बनी

जहां तक कवर्धा का सवाल है तो यहां पर गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा भेजे गए नाम देवकुमारी चंद्रवंशी को लगभग फाइनल कर लिया गया था, लेकिन उनकी उम्र को लेकर पेंच फंस गया। उनकी उम्र 44 साल है, वैसे मोहला मानपुर में भी 42 साल की नम्रता सिंह को अध्यक्ष बनाया है। लेकिन यहां पर सांसद संतोष पांडेय और भावना बोहरा ने राजेंद्र चंद्रवंशी का नाम आगे किया है। ऐसे में कवर्धा में भी बड़े नेताओं द्वारा नाम भेजे जाने के कारण पेंच फंसा था, लेकिन अब वहां पर भी समस्या का समाधान कर दिया गया है। शनिवार को चुनाव के बाद नाम का ऐलान होगा।

## बिजनेस साइट सिटी

### मॉडर्न मार्केटिंग : इलेक्ट्रिकल स्विच गियर उद्योग में अग्रणी कंपनी

**रायपुर।** मे-फेयर रिसॉर्ट में आयोजित ऑल इंडिया स्टील कॉन्क्लेव 2.0 में मॉडर्न मार्केटिंग ने अपने उत्पाद को प्रदर्शित किया। मॉडर्न मार्केटिंग 57 वर्षों से इलेक्ट्रिकल स्विच गियर के बिजनेस में सक्रिय हैं, इस क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी के रूप में उभरी है। यह कंपनी खासकर स्टील इंडस्ट्रीज के लिए काम करती है, जहां स्टील मैन्युफैक्चरिंग के लिए आवश्यक इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट्स का निर्माण और आपूर्ति किया जाता है। कंपनी लो-वोल्टेज और मीडियम वोल्टेज प्रोडक्ट्स में विशेष रूप से काम करती है। कंपनी के प्रमुख प्रदीप माहेश्वरी ने बताया कि आज के समय में इलेक्ट्रिसिटी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पॉल्यूशन होते हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए हार्मोनिक फिल्टर की आवश्यकता होती है। मॉडर्न मार्केटिंग इस तरह के फिल्टर्स का निर्माण करती है, ताकि विद्युत प्रणाली को प्रभावी और सुरक्षित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्टील उद्योग में अत्यधिक पॉवर की खपत होती है और इसके लिए उपयुक्त समाधान प्रदान करना कंपनी की प्राथमिकता है।





### एसआरयू ने खट्टा गांव में लगाया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**रायपुर।** खट्टा गांव में श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया, जिसमें ग्रामीणों को लिम्फेटिक फाइलेरिया और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया। इस शिविर में रक्त शर्करा और रक्तचाप की मुफ्त जांच भी की गई। छात्रों ने फाइलेरिया के लक्षण, उपचार और रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को निशुल्क चिकित्सा परीक्षण की सुविधा प्रदान की गई।

# राष्ट्रीय प्रवक्ता पासवान बोले- भाजपा के लिए संविधान सत्ता का साधन नहीं

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संविधान गौरव अभियान के छत्तीसगढ़ प्रभारी गुरुप्रकाश पासवान ने कहा, संविधान को लेकर देश में एक तरफ श्रद्धा और संवेदनशीलता है तो दूसरी तरफ नकारात्मकता है। भाजपा के लिए संविधान सत्ता का साधन नहीं है, वह हमारी आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। संविधान, आरक्षण, सामाजिक न्याय और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर हम सबकी वैचारिक प्रतिबद्धता और आस्था का विषय है, यह किसी एक परिवार, एक व्यक्ति की ठेकेदारी नहीं हो सकती। श्री पासवान ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर संविधान को लेकर मनगढ़ंत कहानियां गढ़ने के लिए तीखी हमला बोला और कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर के प्रति कांग्रेस के दुर्व्यवहार की जिम्मेदारी किसकी है। डॉ. आंबेडकर संविधान समिति के अध्यक्ष थे। 1956 में उनके देहांत के चार दशक बाद तक उन्हें भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया। श्री पासवान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में संविधान को लेकर नैसर्गिक संवेदनशीलता हमेशा रही है। श्री मोदी की सरकार ने 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया। श्री पासवान ने कहा, संविधान गौरव अभियान के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पुण्यधरा पर संविधान के प्रति नव जागृति, संवेदनशीलता, संवाद और चर्चा का वातावरण बनेगा और कांग्रेस के फेक नैरेटिव और फैलाए जा रहे भ्रम को हम तोड़ेंगे। इस मौके पर संविधान गौरव अभियान के प्रदेश संयोजक नारायण चंदेल, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय व भाजपा नेत्री डॉ. किरण बघेल उपस्थित थे।





हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



शहर स्थित गांधी उद्यान में तीन दिवसीय फल, फूल और सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके पहले ही दिन पांच सौ से अधिक दर्शकों की भीड़ उद्यान परिसर में प्रदर्शनी देखने पहुंची। यहां देशी-विदेशी फूलों की 60 से अधिक प्रजातियां शामिल की गई हैं, जो देखने में आर्टिफिशियल फूल-पत्तों की तरह है। प्रदर्शनी को यादगार बनाने के लिए दर्शक पेड़-पौधों के साथ तस्वीर ले रहे, जहां फूलों से हरा-भरा गार्डन लोगों के लिए सेल्फी पॉइंट बन गया है।

# 60 प्रजातियों के फूलों से जुड़े प्रकृति प्रेमी, गुलाब के 7 रंगों ने लुभाया, 3 लाख का बोनसाई महंगा प्लांट

## विदेशी फूलों की अनोखी प्रजाति, जो देखने में नकली फूल, पत्ते-सी नजर आ रही

**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसायटी, उद्यानिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन, जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, आईजीकेवी और नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शनी लगाई गई है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का समापन 12 जनवरी को होगा। प्रत्येक वर्ष भव्य स्तर पर यह आयोजन होता है, इसमें 33 जिलों से किसान, स्कूल और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया है। आयोजन में आकर्षण का केंद्र फूल और बेमेतरा स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का स्टॉल है। प्रदर्शनी स्थल में शुरू से लेकर अंतिम छोर तक फूलों से गार्डन को सजाया गया है, प्रारंभ में ही हेलिकोनिया, ओरिएंटल लिली, एशियाई लिली, आर्किड, बटन मम्स जैसे अनेक फूलों को सजाया गया। इन सभी फूलों के नाम विदेशी फूलों में शामिल है, जिन्हें अब भारत में विभिन्न राज्यों में उगाया जा रहा है। इन फूलों की खासियत है कि यह देखने में आर्टिफिशियल फूल-पत्ते जैसे लगते हैं। साथ ही इन फूलों की महक सबसे अनोखी होती है।





### गुलाबी रंग के सात गुलाब फूल

प्रदर्शनी में गुलाबी रंग के सात गुलाब के पौधे नजर आए, जिसे ग्रॉफ्टिंग कृषि प्रणाली की मदद से तैयार किया गया। गुलाबी के हल्के रंग से लेकर चटक रंग देखने को मिले। इन फूलों की प्रजाति को विदेशी फूलों में शामिल किया गया है, जिसकी खेती अब भारत में भी होने लगी है। प्रदर्शनी में फूलों को ठंडे राज्यों से मंगाया गया है, जिसकी कृषि प्रणाली सरल है। कटिंग फ्लॉवर में शामिल पौधों की कम पानी के साथ देखभाल की जाती है। इसे भी ग्रॉफ्टिंग की मदद से तैयार किया जाता है।

### धान से बनाई छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर

कार्यक्रम में स्कूल और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने थीम बेस्ड तस्वीर तैयार की, इसे फूल, फल, सब्जी और धान की मदद से बनाया गया है। लगभग 5-6 घंटों की कड़ी मेहनत से बस्तर ओलंपियाड, माता अहिल्या बाई और छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर बनाई गई। इसमें छत्तीसगढ़ महतारी को 3-4 किलो धान, बस्तर ओलंपियाड, माता अहिल्या बाई की तस्वीर को 10 किलो सब्जी, 5 किलो फूल और फलों की मदद से बनाया गया है। इस दौरान गाजर, मूली, टमाटर, हरी मिर्च, बैंगन, संतरा, मटर, चुकंदर की मदद से तैयार किया गया।

### ग्रॉफ्टिंग कृषि प्रणाली का अद्भुत नजारा

संस्थान के सदस्य अनिल चौहान ने बताया, वर्तमान में ग्रॉफ्टिंग कृषि प्रणाली का चलन जोरों पर है। चरोदा स्थित निजी संस्थान से ग्रॉफ्टिंग बोगनवेलिया के 20 से अधिक पौधों को लाया गया है। ये सभी पौधे अपने आप में खास हैं, जिसमें 4-5 रंग के फूल एक ही पौधे में देखने को मिलेंगे। इसे तैयार करने के लिए पौधे पर अन्य पेड़ की डाली को लगाकर टेपिंग की जाती है, जिससे वे आपस में मिलकर नए रंग की फूल तैयार करते हैं। ग्रॉफ्टिंग पौधों की शुरुआती कीमत 2-3 हजार रुपए तय की गई है। इसकी देखभाल पौधों के अनुसार की जाती है। बोगनवेलिया पौधों को अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती, इसलिए ज्यादा पानी से ये मुरझा सकते हैं। साथ ही इन्हें धूप से बचाव की जरूरत होती है।

### प्रदर्शनी में पॉली हाउस का सेटअप

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय बेमेतरा से डॉ. केपी वर्मा ने अनोखा पॉली हाउस सेटअप लगाया है। यह चारों तरफ से घिरा एक ऐसा स्थान होता है, जहां किसी भी मौसम में फसलों को सही जलवायु और पोषक तत्व दिए जा सकते हैं। ये उत्पाद बच्चों से लेकर बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए फायदेमंद साबित होता है, जिसे कम देखभाल में ही 7 दिनों के भीतर लगाया जा सकता है। डॉ. वर्मा ने बताया, इसे डायबिटीज, थायराइड, शुगर जैसे विभिन्न गंभीर बीमारियों के मरीज सेवन कर सकते हैं। एक बंद कमरे या बक्से में अंकुरित वस्तुओं को लगाएं, इसे कम तापमान, कम पानी और धूप से दूर रखकर तैयार करें।





### सागौन की पत्ती से बनाए तितली के पंख

प्रदर्शनी में मोर, तितली और हिरन की झांकी तैयार की गई है, जिसे फूल एवं पत्तियों की सहायता से बनाया गया। संस्थान के सदस्य ने बताया, सौ लोगों के समूह ने मिलकर प्रदर्शनी तैयार की। महीनेभर पहले सागौन की पत्तियों को सुखाकर बाहरी परत को हटाया, जिसे प्राकृतिक रंगों की मदद से विभिन्न रंगों में बदला है। अब इसका प्रयोग तितली के पंख तैयार करने में किया गया। आरकेसटा फूल से मोर के पंख बनाए गए, जिसका नाम महंगे फूलों में शामिल किया गया है।

## लाइव इवेंट

# शैक्षणिक भ्रमण में मिली इतिहास की जानकारी, वास्तुकला से हुए परिचित



**रायपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय माना के विद्यार्थियों ने देवबलौदा का शैक्षणिक भ्रमण कर प्राचीन इतिहास की जानकारी हासिल की। हाल ही में पुरातत्व संस्कृति विभाग द्वारा तीन दिवसीय शोध संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके बाद छात्रों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय के इतिहास विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर द्वारा संस्कृति, पुरातत्व विभाग के सहयोग से 50 विद्यार्थियों को शोध संगोष्ठी में भाग दिलाकर संग्रहालय में प्राचीन मूर्तियों, स्मारक, ताम्रपत्र व पांडुलिपि की जानकारी दिलाई गई।

### छात्रों में उत्साह रहा

वहीं दुर्ग जिले के देवबलौदा के प्राचीन शिव मंदिर के भ्रमण के दौरान 12वीं व 13वीं शताब्दी में निर्मित मंदिर की वास्तुकला की जानकारी दी गई। डॉ. चंद्राकर ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण से नवीन कॉलेज के छात्रों में भारी उत्साह रहा। शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों के साथ संस्कृति पुरातत्व विभाग के इतिहासविद प्रो. रमेंद्रनाथ मिश्र, एलएस निगम, राहुल सिंह, प्राचार्य कीर्ति तिवारी, नर्गिस एनेश्वरी आदि रहीं।

# मैक के रोवर-रेंजर ने की 1800 फीट पहाड़ की चढ़ाई



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक), समता कॉलोनी के रोवर क्रू एवं रेंजर टीम ने मनाली यात्रा की, जिसमें इंचार्ज अभिजीत चक्रवर्ती भी एडवेंचर कैंप का हिस्सा बने। नेशनल कैंप का मार्गदर्शन मैक के चेयरमैन राजेश अग्रवाल के निर्देशन में पूर्ण हुआ। कैंप के पहले दिन छात्र-छात्राओं ने व्यास नदी ट्रेकिंग, बुनियादी पर्वतारोहण एवं कैंप फायर किया। दूसरे दिन 1800 फीट पहाड़ की चढ़ाई, जिपलाइन, रस्सी पर फिसलना, तीरंदाजी, शूटिंग जैसी गतिविधियों में भाग लिया। अन्य दिनों में कैंप फायर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऐतिहासिक हिडिम्बा मंदिर की यात्रा, क्लाइम्बिंग और रैपलिंग की गई। स्थानीय संस्कृति और परंपराओं से परिचित होने के साथ-साथ, इस कैंप ने युवाओं को प्रकृति के करीब लाने और साहसिक खेलों में भाग लेने का अनूठा अवसर दिया। यात्रा को लेकर प्रतिभागियों में उत्साह और संतुष्टि का अनुभूति रही।

## सिटी इवेंट

# रिश्तों का मांझा... मकर संक्रांति पर उड़ान भरेंगी रंगबिरंगी पतंगें



**रायपुर।** मकर संक्राति के अवसर पर शहर में कई संस्थाएं पतंग प्रतियोगिता का आयोजन कर रही हैं, जिसमें बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं के बीच पतंगबाजी की प्रतियोगिता होगी तो कही आपसी भाईचारा बढ़ाने पतंगबाजी की जाएगी। पतंगबाजी प्रतियोगिता में लाइव बैंड, लोहड़ी, डांस और बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस जैसे कार्टून भी होंगे। वहीं लाइव सिंगिंग जैसे कार्यक्रम भी शहर के मरीन ड्राइव में देखने को मिलेंगे। आयोजकों ने बताया कि पतंग प्रतियोगिता में भाग लेने का उत्साह लोगों में देखने को मिल रहा है।

### लाइव बैंड, डीजे के बीच पतंग प्रतियोगिता

अग्रवाल युवा मंडल अध्यक्ष के अमर और हेमंत अग्रवाल ने बताया कि मकर संक्राति पर सामाजिक लोगों में भाईचारा और मनोरंजन के उद्देश्य से रिश्तों का मांझा कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, जिसमें अग्रवाल समाज के सभी 18 मोहल्लों के बीच पतंग प्रतियोगिता होगी। इसमें प्रथम और द्वितीय दो पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में समाज के बच्चों से लेकर बूढ़े तक सभी उम्र के लोग इसमें भाग ले सकते हैं। इसके अलावा लोगो होगा।



### पतंग के बहाने बचपन का एहसास, लाइव सिंगिंग भी

स्प्री वॉक के जॉय ने बताया कि मकर संक्राति के मौके पर काइट फेस्टिवल का आयोजन लोगों के मनोरंजन और 90 के लोगों को फिर से अपने बचपन का एहसास दिलाने और पतंग के बहाने बचपन को जीने का मौका देना है। इसके अलावा तालाब के ऊपर पतंग उड़ाकर प्रकृति के खुबसूरत एहसास को महसूस कराना उद्देश्य है। इसमें सभी वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। साथ ही शाम को खास बनाने लोहड़ी में लाइव सिंगिंग प्रतियोगिता भी होगी। गोल्डन टॉवर अपार्टमेंट में मामा गिफ्ट की ओर से महिलाओं के इट्स हैपनिंग इन एरिया 36 ग्रुप पतंग प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है, जिसमें महिलाओं के बीच समूह में पतंग प्रतियोगिता के साथ डांस, सिंगिग और कई मनोरंजक कार्यक्रम होंगे।

# एआई से स्वास्थ्य सेवा में आई नई क्रांति लेकिन इसके हर क्षेत्र में चुनौतियां अधिक

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर द्वारा आयोजित तीसरे आईट्रिपलई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ऑन एम्बिएंट इंटेलिजेंस इन हेल्थकेयर का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव ने आने वाले भविष्य में हेल्थकेयर में एम्बिएंट इंटेलिजेंस के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि एम्बिएंट इंटेलिजेंस का उद्देश्य व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित सहायता प्रदान करके हेल्थकेयर को बेहतर बनाना है, जिसमें एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड के माध्यम से बीमारियों की भविष्यवाणी और रोकथाम के लिए डेटा का लाभ उठाने के लिए एआई का उपयोग किया जाता है। डॉ. राव ने यह भी उल्लेख किया कि ऐसी नई तकनीक गोपनीयता, सुरक्षा और उच्च कार्यान्वयन लागत जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन यह स्वास्थ्य सेवा में क्रांति लाने की क्षमता रखती है।



### एआई चिंता का विषय

डॉ. श्रीश वर्मा ने ने तकनीक के माध्यम से जीवन को सरल बनाने में एर्गोनॉमिक्स और एम्बिएंट इंटेलिजेंस के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एम्बिएंट इंटेलिजेंस की बहु-विषयक प्रकृति को प्रदर्शित करते हुए मानव-कंप्यूटर इंटरेक्शन पर भी चर्चा की। इसके बाद प्रदीप गुप्ता ने मंच संभाला और इस तरह के ज्ञानवर्धक सम्मेलन का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान की तीव्र गति अक्सर पुराने नवाचारों को अप्रासंगिक बना देती है, जिससे तकनीकी विकास को बढ़ावा मिलता है।

### एआई अपराधियों की कार्यप्रणाली को समझने में सहायक

कार्यक्रम में अतिथियों ने नए समाधान सीखने और लागू करने में सक्रिय रहने की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि हर क्षेत्र में चुनौतियां निरंतर बनी रहती हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक पुलिसकर्मी के रूप में एआई अपराधियों की कार्यप्रणाली को समझने में सहायता कर सकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि भविष्य में हम ऐसे एल्गोरिदम विकसित कर सकते हैं, जो मशीन लर्निंग का उपयोग कर अधिकारियों को ऐसे अपराधियों से निपटने में मदद कर सकते हैं।

# एचएनएलयू में संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर 25 को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**रायपुर।** हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू) में 25 एवं 26 जनवरी को भारतीय संविधान के 75वें गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में संविधान के 75 वर्ष: अधिकार, शासन और प्रौद्योगिकी पर केंद्रित 'विकासशील पाठ, संदर्भ और परिवर्तन' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान की परिवर्तनकारी यात्रा पर चर्चा को समृद्ध करने के लिए विद्वानों, शिक्षाविदों, कानूनी व्यवसायियों, नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं और विभिन्न विषयों के छात्रों को एक मंच पर लाना है। सम्मेलन के दौरान विख्यात विषय विशेषज्ञों द्वारा अभ्यासपूर्ण मार्गदर्शन, गहन चर्चाओं के लिए समानांतर तकनीकी सत्र, डॉ. बीआर आंबेडकर स्मारक व्याख्यान, समकालीन चुनौतियों और भविष्य की दिशाओं पर चर्चा की जाएगी।

### लैंगिक समानता, एलजीबीटीक्यू विषय पर प्रस्तुत होंगे शोधपत्र

संविधान के साथ जीवन: व्याख्यात्मक यात्राएं व संवैधानिक पाठ विकसित करना, शासन व अधिकार: संघवाद, न्यायिक प्रतिबिंबों और विधायी गतिशीलता को संतुलित करना, समावेशिता व सामाजिक न्याय: लैंगिक समानता, एलजीबीटीक्यू+ अधिकार, जाति, वर्ग व धर्म, प्रौद्योगिकी व शासन: डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा व डिजिटल विभाजन, तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य: भारतीय संविधान व वैश्विक ढांचा-भविष्य की दिशाएं: एआई युग में मौलिक अधिकार और पर्यावरणीय न्याय उप-विषयों पर सम्मेलन प्रतिभागियों को शोधपत्र प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है । पेपर चयन की अधिसूचना कल जारी की जाएगी। सम्मेलन में पंजीकरण की अंतिम तिथि 14 जनवरी है। सम्मेलन में चयनित शोधपत्रों को एक संपादित पुस्तक में प्रकाशित करने का प्रस्ताव है।

## श्री जिनकुशल जैन दादाबाड़ी में समर्पण सखी जैन महिला मंडल का 3 दिवसीय मेगा ट्रेड फेयर

# महिलाओं ने टैलेंट को बनाया घर बैठे रोजगार, सोशल मीडिया पर मार्केटिंग, होममेड अचार और वस्तुओं ने दिलाई पहचान

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** समर्पण सखी जैन महिला मंडल द्वारा स्वाभिमान से स्वावलंबन तक 3 दिवसीय ट्रेड फेयर का आयोजन जैन दादाबाड़ी में किया गया। आयोजन का उद्देश्य जैन समाज की महिलाओं को स्वावलंबन से स्वाभिमान की ओर ले जाना है। यहां एक ही छत के नीचे एक ऐसा बाजार लगाया गया है, जहां महिलाएं अपने घर में बनाई हुई सामग्री, प्रोडक्ट बेच रही हैं। अध्यक्ष प्रियंका लुंकड़ और मंजू टाटिया ने संयुक्त रूप से बताया, कई बड़ी कंपनियां एवं बाहर से आई कंपनियां अपना प्रोडक्ट बेचती हैं। ऐसे में घर बैठे प्रोडक्ट बनाकर रोजगार करने वाली महिलाओं को सही जगह, सही बाजार एवं बढ़ावा नहीं मिल पाता। मुख्य अतिथि मीनल चौबे ने लाल रिबन काटकर ट्रेड फेयर का शुभारंभ किया। यह ट्रेड फेयर 10 जनवरी से शुरू होकर 12 जनवरी को समाप्त होगा ।



### बिना मशीन के मुल्तानी मिट्टी से बनाई वस्तु



*सुरभि खंडेलवाल गो नेचुरल बनाने का कार्य 3 साल से कर रही हैं। इनके प्रोडक्ट पूर्णत हैंडमेड यानी हाथ से बनाए हुए हैं। वे पहले खुद के लिए ही बनाती थीं, फिर इनका व्यापार शुरू किया, जिसमें मुल्तानी मिट्टी ,जड़ी-बूटी, प्राकृतिक वस्तुओं को हाथ से शुद्ध परंपरागत हैंडमेड तरीके से बिना किसी मशीन का उपयोग कर बनाती हैं। मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करती हैं। 2 साल में लगभग 30 एग्जीबिशन में भाग लेकर अपना व्यापार जारी रखा है। विशेष रूबी हेयर ऑयल 20 जड़ी-बूटी से निर्मित है, जिसे 4 प्रकार के तेलों को मिलाकर बनाया जाता है।*

### महिलाओं ने खेला तंबोला गेम

मेगा ट्रेड फेयर में 55 स्टाल लगाए गए हैं, जिसमें घर बैठे रोजगार कर रही महिलाएं अपने प्रोडक्ट का प्रदर्शन कर रही हैं। शुक्रवार को दोपहर 3 बजे टोनी तंबोला गेम का आयोजन भी किया गया। इसमें लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया। भाग लेने वाली महिलाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। ट्रेड फेयर में 10 स्टाल जैन फूड्स के भी लगाए गए हैं। इसमें निर्मित स्वादिष्ट व्यंजन सभी ने पसंद किए।

### मिर्च की अचार ने दिलाई पहचान

डोंगरगढ़ से आईं अमीषा जैन ने यहां स्टाल लगाया है। उन्होंने बताया कि सालभर पहले ही उन्होंने घर में होममेड सामग्री मिर्च की अचार, नानखटाई, बिस्किट बनाने का कार्य शुरू किया। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम, फेसबुक के जरिए मार्केटिंग कर व्यापार कर रही हैं। पहली बार इस ट्रेड फेयर में भाग ले रही हैं। शैंपू, रीठा, आंवला, शिकाकाई के साबुन, फेसवॉश शैंपू जिसकी मांग बाजार में निरंतर बनी रहती है। कार्यक्रम में रानूलाल लूनिया, शीलू लूनिया, महावीर जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा, महासचिव वीरेंद्र डागा, कोषाध्यक्ष अमित मूणत, महावीर कोचर, मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन उपस्थित रहे।

## आराधना

# भगवान की कृपा के बिना कुछ संभव नहीं, उनकी इच्छा से ही सत्संग मिला



**रायपुर।** इस संसार में भगवान की कृपा जिस पर होती है, वह धर्म के रास्ते पर चलता है। उनकी कृपा के बिना सत्संग भी संभव नहीं है। भगवान चाहते हैं कि सत्संग मिले, इसलिए हम सब इस कथा का हिस्सा हैं। हम अस्पताल या मंदिर बनवाते हैं तो उसका मूल स्वरूप तय होना चाहिए। उसका लाभ निचले तबके के लोगों को जरूर मिले। इसके लिए व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। कैलकुलेशन मत करो, जो इस काम में लग जाता है, वह 99 नंबर तक आगे चलेगा। भगवान कृष्ण और शैल्य दोनों रथ चलाते हैं। दोनों ही इसे चलाने में निपुण हैं। अंतिम परीक्षा मै शैल्य समाप्त हो जाएगा। शैल्य जिसका रथ चला रहा है, वह समाप्त होगा और भगवान जिसका रथ चला रहे वह आत्मरूप हो जाएगा।

### वह महावाक्य नहीं होगा

मैक कॉलेज ऑडिटोरियम में श्रीराम कथा विश्रांति दिवस पर यह बात मैथिलीशरण भाईजी ने कही। कथा में आगे बताया कि भरत महाराज के जन्म का हम खंडन नहीं कर रहे हैं। जो कच्चे बिरप्त होते हैं, वे यह कहते हैं कि इससे अच्छा होता हमारा जन्म न होता। दूसरों को ध्यान में रख कर महावाक्य बोल जाएगा, वह महावाक्य नहीं होगा, क्योंकि आप दूसरे से उसकी तुलना कर रहे हैं। महावाक्य तब होगा, जब आपकी अनुभूति का मिश्र हो जाए, वह आपका अपना महावाक्य है। भाईजी ने कहा कि जिस दिन हमारा संकल्प भगवान हो जाएंगे, उस दिन जीवन में विकल्प से मुक्ति मिल जाएगी। विकल्प जब तक बना हुआ है, तब तक संकल्प हमारे जीवन में बना रहेगा। हम लोग नित्य प्रति विकल्प सोचते रहते हैं। इसका विकल्प क्या होगा, वह धोखा तो नहीं देगा।

## धर्म लाइव

# वार्षिक अधिवेशन में बनाई जाएगी दान संरक्षण समिति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज 12 जनवरी को भिलाई में 49वां वार्षिक अधिवेशन करने जा रहा है। इसमें समाज के दानदाताओं द्वारा दी गई जमीन को अवैध क्रय-विक्रय से बचाने के लिए दान संरक्षण समिति बनाने की तैयारी है। भिलाई में होने वाले अधिवेशन में मुहर लगेगी। पत्रकारवार्ता में शुक्रवार को यह जानकारी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल, संरक्षक डॉ. रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल ने दी। आगे बताया कि समाज के वार्षिक अधिवेशन में दान और सेवा की परंपरा को भी आगे बढ़ाते हुए 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी समाज के लोगों के लिए 100 कमरे का वानप्रस्थ आश्रम बनवाने का संकल्प लिया जाएगा।

### 15 लोगों को अग्र अलंकरण

इस बात के लिए समाज को प्रेरित किया जाएगा कि बेटे-बेटी की शादियों में की जाने वाली भव्यता को कम करें। बचने वाले पैसे से पारिवारिक विवाह के दिन ही कम से कम पांच गरीब कन्याओं का विवाह कराएं। इसके लिए वार्षिक अधिवेशन में सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि सीके अग्रवाल, विशेष अतिथि अधिवक्ता प्रताप नारायण अग्रवाल और डॉ. जुगल किशोर अग्रवाल होंगे। अधिवेशन में शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासनिक सेवा, समाजसेवा, उद्योग, खेल के साथ विभिन्न क्षेत्र में काम करने वाले 15 लोगों को अग्र अलंकरण अधिवेशन में प्रदान किया जाएगा।

## सिटी इवेंट

# लिखना-पढ़ना ही शिक्षा नहीं, जीवन के मर्म को समझना भी सच्ची शिक्षा



**रायपुर।** संवाद के माध्यम से छात्रों ने पत्रकारिता का महत्व और उससे जुड़ी बारीकियों के बारे में जाना। 9 जनवरी गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में संवाद-2025 में प्राध्यापक डॉ. नृपेंद्र कुमार शर्मा ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों और अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया समाज का आईना है, जो समस्याओं को दिखाने के साथ उनका समाधान ढूंढने में अहम भूमिका निभाता है। संवाद के माध्यम से समाज को सही दिशा के साथ उसकी जटिलताओं को सरल बनाने में मदद मिलता है। आज के समय में लिखना-पढ़ना ही शिक्षा नहीं, बल्कि जीवन के मर्म को समझना सच्ची शिक्षा है। इस दौरान उन्होंने नई शिक्षा नीति पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रों का पहला पाठ अनुशासन है। अनुशासन से राष्ट्र को श्रेष्ठ और महान बना सकते हैं। पत्रकारिता में भाषा मूल तत्व है। वहीं कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा ने डिजिटल मीडिया की चुनौतियों और अवसरों पर छात्रों से चर्चा करते हुए कहा कि छात्रों को पत्रकारिता के तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही नए सत्र में छात्रों को अनुशासन और मेहनत को आधार मानकर शिक्षा पर लक्ष्य केंद्रित करने की प्रेरणा दी।

---

● बृहन्महाराष्ट्र मंडल के अधिवेशन की सांस्कृतिक श्रृंखला में कलाकारों ने दर्शकों का किया मनोरंजन

# वीर सावरकर के चरित्र को नृत्य नाटिका से किया जीवंत, माता अहिल्या बाई के संवाद से आंखें नम

'देश को आजाद कराने के लिए हर तरह की यातना सहते हुए आगे बढ़ते विनायक दामोदर सावरकर के किरदार के साथ कलाकारों ने न्याय करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस नृत्य नाटिका ने दर्शकों में भी देशभक्ति का जज्बा भरने का काम किया। वहीं अहिल्या बाई की न्यायप्रियता से जुड़ी एक कहानी को जीवंत करने का प्रयास शुक्रवार की रात युवा कलाकारों ने किया। इससे देर रात तक महाराष्ट्र मंडल के मंच पर इस बार भी सांस्कृतिक छटा बिखरी। इसका लुत्फ उठाने के लिए भारी तादाद में कलाप्रेमी सर्द रात में भी कार्यक्रम स्थल पर जमे रहे।'





**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में हर साल की तरह इस बार भी बृहन्महाराष्ट्र मंडल के 37वें राष्ट्रीय अधिवेशन की धूम रही। इसमें छत्तीसगढ़ के महाराष्ट्र मंडलों ने कमाल की प्रस्तुतियों से देर-रात तक नृत्य नाटिकाओं की श्रृंखला सजाई। महाराष्ट्र मंडल रायगढ़ के नृत्य मंजरी ग्रुप ने 'हमारी संस्कृति हमारे त्योहार' थीम पर संगीतमय नृत्य नाटिका का मंचन किया। इसमें नीलू बोंडे, सारिका कलमकर, वैशाली मोडक, मीनल देशमुख, रक्षा मोडक, मीनाक्षी आगाशे, नेहा गुडधे के साथ संपदा तामस्कर ने कला की छाप छोड़ी। नृत्य कौशल से तीज-त्योहारों के साथ संस्कृति के महत्व को मंचित किया। इनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को शुरुआती दौर में मंच से जोड़ने में अहम भूमिका भी निभाई।

### अहिल्या बाई की प्रस्तुति ने मोहा..

महाराष्ट्र मंडल कोरबा के अलावा रायपुर की महिला समितियों की ओर से विशाखा तोपखानेवाले के निर्देशन व रंजन मोडक के मार्गदर्शन में तैयार की गई नृत्य नाटिका राजमाता अहिल्या बाई के संवाद और उनके जीवन से जुड़े खास लम्हे को मंच पर पेश किया गया। इसमें जहां अहिल्या बाई के न्याय की याद दिलाने वाले फैसलों को लोगों ने पसंद किया, वहीं कलाकारों द्वारा उनके द्वारा जिस तरह से बछड़े पर रथ चढ़ाया गया था, उसका न्याय करते हुए अपने बेटे मालेराव पर रथ चढ़ाने का दृश्य खास रहा।



### 'अनादि मैं अनंत मैं' रहा खास

इस श्रृंखला में महाराष्ट्र मंडल भिलाई सेक्टर की ओर से प्रस्तुत 'अनादि मैं अनंत मैं' ने हर किसी को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत किया। विनायक दामोदर सावरकर का बचपन सामान्य बच्चों जैसा तो बिल्कुल नहीं था। दोस्तों के बीच ही नहीं, बल्कि परिवार के लोगों में भी राष्ट्रप्रेम की भावना संजोते नजर आते हैं। एक समय ऐसा भी आता है, जब नृत्य नाटिका के बीच वीर सावरकर को अंग्रेजों द्वारा छोटी सी कोठरी में बंद किया जाता है। जहां वे कीड़े-मकोड़ों के बीच यातना सहते हुए रोज साहित्य की रचना करते हैं। इसमें अजय डांगे, कवीश गोखले, नीलिमा सगदेव, नीहिरा जोशी की संवाद अदायगी को दर्शकों ने भी सराहा।

### रौबीले अंदाज को भी सराहा

बिलासपुर के माय भवानी ग्रुप से शीतल देवपुजारी, स्वरांगी, भारती रागिणवार ने ऊर्जा के साथ गोधल पेश किया। रायपुर महाराष्ट्र मंडल की युवा समिति ने छत्रपति शिवाजी महाराज के बाल्यकाल से लेकर जवानी तक के प्रसंगों को पूरी शिद्दत से नृत्य नाटिका के रूप में मंच पर भी जीवंत किया। इसमें बाल शिवाजी की भूमिका में अमोघ बाबर और युवा शिवाजी बने शुभम पुराणिक ने लोगों को प्रभावित किया। इनके संवाद अदायगी और रौबीले अंदाज को हर किसी ने सराहा। अन्य भूमिका रीना बाबर, श्रावणी मुकादम, तन्मय बक्षी, विनोद राखुंडे, शिल्पा राखुंडे, विशाल डांगे, सोनल पेढे, करिश्मा अंजनकर ने निभाई।

---



# दिल देना दिल लेना, है सौदा खरा-खरा...

**रायपुर।** पटियाला सूट मैनू आज सिलवा दे रे....मेरे नाल कर ले जरा.. दिल देना दिल लेना, है सौदा...प्री-लोहड़ी सेलिब्रेशन में महिलाओं ने शानदार पंजाबी गीतों पर प्रस्तुति दी। जहां तालियों की गूंज और दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जहां एक से बढ़कर एक पंजाबी सुपरहिट गानों पर महिलाओं की एकल एवं सामूहिक प्रस्तुति देखने को मिली। लोहड़ी महोत्सव में महिलाओं का आयोजन देर शाम तक संचालित किया गया, जहां 20 से अधिक रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।






### प्री-लोहड़ी सेलिब्रेशन में पंजाबी गानों की मची धूम

पंजाबी वूमेन वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी की महिलाओं द्वारा लोहड़ी महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस दौरान सौ से अधिक महिलाएं पंजाबी परिधान में गिद्दा, भांगड़ा करती नजर आईं। इस वर्ष 13 जनवरी को देशभर में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके पूर्व समाज की महिलाओं ने सामाजिक स्तर पर मिलन समारोह के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया। सोमवार को पंजाबी समुदाय के सदस्य गुरुद्वारे में गुरुग्रंथ साहेब की आराधना कर लोहड़ी पर्व की शुरुआत करेंगे।



# एनसीसी कैडेट्स ने सीखीं प्वाइंट 22 राइफल चलाने की बारीकियां

**रायपुर।** फायरिंग रेंज में शुक्रवार को 5 बटालियन एनसीसी कैडेट के 150 बालक-बालिकाओं ने राइफल फायरिंग की बारीकियां सीखीं। इस दौरान नायब सूबेदार एमआर चावन व हवलदार कमलाकर ने एनसीसी कैटेड्स को प्वाइंट 22 राइफल चलाने में बरतने वाली सावधानी, एम्बुस लगाने जैसी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। शुक्रवार को फायरिंग सेशन सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक चला। बैरन बाजार स्कूल के तरुण फूटान ने बताया कि फायरिंग सेशन में होलीक्रॉस बैरन बाजार स्कूल, खालसा स्कूल, कान्वेंट स्कूल, मदर्स प्राइड स्कूल व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला स्कूल के स्टूडेंट शामिल रहे। वहीं महाविद्यालय में शासकीय नागार्जुन कॉलेज के कैडेट्स भी शामिल रहे। 5 बटालियन एनसीसी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट एमआर मरावी, थर्ड ऑफिसर पृथ्वी सिंह, हीरालाल ध्रुव, विक्रम राजपूत उपस्थित रहे। तरुण बताते हैं कि इस फायरिंग सेशन में शुरुआती दिन 8 जनवरी से शुक्रवार तक 9 स्कूल व 3 महाविद्यालयों के कुल 500 कैडेट्स ने भाग लिया।

**फायरिंग रेंज में विभिन्न स्कूलों से पहुंचे 150 कैडेट्स**

### फायरिंग सेशन में लड़कियों की दिलचस्पी

तरुण फूटान ने बताया कि फायरिंग सेशन में तीनों दिन लड़कियों ने गहरी दिलचस्पी दिखाई। भले ही लड़कों के मुकाबले लड़कियों की संख्या कम रही हो, लेकिन लड़कियों ने लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नायब सूबेदार एमआर चावन व हवलदार कमलाकर के द्वारा बताई व सिखाई जा रही बारीकियों को गौर से सुना और उसे आत्मसात भी किया। लेफ्टिनेंट एमआर मरावी ने लड़कियों के सीखने के जुनून को देखते हुए उनकी सराहना में तालियां बजवाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। लेफ्टिनेंट श्री मरावी ने लड़कियों से कहा कि ऐसे ही जांबाजी से सभी को अपना जीवन जीना है। एनसीसी में सीखी गईं बहुत-सी बातें हमारे जीवन में आने वाली समस्याओं से निपटने में मदद करती हैं। एनसीसी में प्वाइंट 22 राइफल को इस्तेमाल में लिया जाता है। प्वाइंट 22 राइफल का उपयोग फील्ड गन के रूप में अमूमन छोटे शिकारों के लिए किया जाता है। इसकी लम्बाई 43 इंच और वजन 2.78 किलोग्राम होता है। इसकी मैगजीन की क्षमता 5 राउंड प्रति मिनट होती है। इसका रैपिड रेट 10 से 15 राउंड प्रति मिनट होता है। मजल वेलासिटी 2700 फीट प्रति मिनट होती है। इसमें 6 ग्रुव्स होते हैं। इसमें बट, ट्रिगर, ट्रिगर गार्ड, बोल्ट असेंबली, फोरसाइट व बैरल होते हैं। प्वाइंट 22 राइफल की कारगर रेंज 23 मीटर और अधिकतम रेंज 1550 मीटर है। यह युगोस्लाविया निर्मित है।

---

नवोदय विद्यालय में थर्ड लैंग्वेज ओड़िया, असमिया, तेलुगु, कन्नड़, गुजराती सिखाई जा रही

# भाषा ज्ञान से समृद्ध हो रहे विद्यार्थी, सीख रहे दूसरे राज्यों की संस्कृति

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** इन दिनों विद्यार्थी विभिन्न भाषाओं का ज्ञान अर्जित करने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। एक ही समय पर दो से अधिक भाषाएं बोलचाल में अपनाई जा रही हैं। परिजन प्राइवेट संस्थाओं की मदद से भाषाज्ञान बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा संचालित नवोदय विद्यालय में छात्राओं को भी हिंदी, अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं का ज्ञान दिया जा रहा है। शिक्षा नीति के अनुसार चयनित भाषा के दो शिक्षक विद्यालय परिसर में बच्चों को भाषा का ज्ञान क्रमबद्ध रूप से देने का कार्य कर रहे हैं।

-नवोदय विद्यालय में नियुक्त शिक्षकों ने बताया, राज्य के प्रत्येक जिले में विद्यालय का संचालन किया रहा है। इसमें राजधानी रायपुर, दुर्ग, अंबिकापुर, बेमेतरा, राजनांदगांव, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार आदि शहर शामिल हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को कक्षा 6वीं से 8वीं तक अन्य भाषा में शिक्षा दी जाती है, इसके बाद कक्षा 9वीं में भाषा अनुसार राज्य का चयन कर पढ़ाई के लिए भेजा जाता है। प्रत्येक विद्यालय से 25-25 के संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ाई के लिए अन्य राज्य भेजे जाते हैं। अन्य विषयों की तरह इसे भी मुख्य विषयों में शामिल किया गया है, जिसकी परीक्षा भी संचालित की जाती है।



### माइंड रिलैक्स क्लास

*प्रत्येक नवोदय विद्यालय में तीन भाषाओं का ज्ञान विद्यार्थियों को दिया जाता है, इसमें तीसरी भाषा का चयन छठवीं कक्षा में किया जाता है। तीन साल विषय की समझ स्थापित होने के बाद अन्य राज्यों में जाकर पढ़ाई करने का मौका मिलता है। इस एक साल में नई कक्षा, नए शिक्षक और नए दोस्तों से मुलाकात होती है। जहां उनके साथ उनकी ही भाषा में बात करने का अपना अलग ही आनंद है। विद्यार्थियों ने बताया, हिंदी, अंग्रेजी की तरह हमें कन्नड़ भाषा सिखाई जा रही है, जिसे हम माइंड रिलैक्स क्लास भी कहते हैं, जहां हमें छोटी कक्षाओं की तरह ही क्रमबद्ध जानकारी दी जाती है। कक्षा 6वीं से 8वीं तक पढ़ाई करते हैं, जिसके बाद कक्षा 9वीं में दूसरे नवोदय विद्यालय में पढ़ने का मौका मिलता है। एक वर्ष की पढ़ाई में दूसरे राज्य की संस्कृति, परंपरा, त्योहार और भाषा समझने का मौका मिलता है। ऐसे में दूसरे राज्यों के विद्यार्थी भी हमारे दोस्त बन जाते हैं।*

### पांच भाषाओं का प्रशिक्षण यहां

कोरबा, बिलासपुर, चांपा, कांकेर, धमतरी- ओड़िया
सूरजपुर-असमिया
अंबिकापुर, बेमेतरा- गुजराती
बालोद, दंतेवाड़ा, मुंगेली, रायपुर, बलौदाबाजार- कन्नड़
दुर्ग- तेलुगु

### वर्णमाला से शुरुआत

माना स्थित विद्यालय से शिक्षक बसंत कुमार केवी ने बताया, यहां कन्नड़ भाषा की कक्षा संचालित है। अन्य विषयों की तरह कन्नड़ भाषा सीखने के लिए कक्षा का संचालन किया जाता है। इसकी शुरुआत वर्णमाला से की जाती हैं, इसमें स्वर और व्यंजन का समझ सबसे महत्वपूर्ण होती है, जिसके बाद गिनती, मात्रा, वाक्य जैसे अन्य पाठ्यक्रम होते हैं।

### पारंपरिक गीत सीख रहे छात्र

दुर्ग से तेलुगु शिक्षक पी. वज्रम ने बताया, हिंदी के माध्यम से तेलुगु भाषा सिखाई जाती है। वर्णमाला, बारहखड़ी, दो-तीन अक्षर के शब्द, सब्जी, फल, फूल, शरीर के अंग, गिनती उनके पाठ्यक्रम में शामिल होती है। कक्षा 8वीं में पारंपरिक गीत, वाक्य, पत्र-पत्रिका और निबंध तेलुगु भाषा में पढ़ाए जाते हैं। तेलुगु को जल्दी समझने के लिए हिंदी में लिखा जाता है, इससे बच्चों को कम समय में ही शब्दों का ज्ञान हो जाता है।

### सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ाने का काम

डोंगरगढ़ स्थित विद्यालय से शिक्षक ओपी चौरसिया ने बताया, नवीं कक्षा में पहुंचने वाले विद्यार्थियों को अन्य राज्यों में भेजा जाता है। इस दौरान विद्यार्थियों को उस राज्य की संस्कृति, परंपरा एवं भाषा समझने में कोई परेशानी नहीं होती। तीसरी भाषा की कक्षा विद्यार्थियों के लिए रोमांच से भरी होता है, जहां वह खुशी-खुशी भाषा को सीखने का प्रयास करते हैं। भाषाओं का ज्ञान उनके जीवन को सरल बनाने में मदद करता है। इससे लोगों से बातचीत एवं उनकी संस्कृति को अपनाने का मौका मिलता है। यह बच्चों में सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ाने का काम करता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की शानदार जीत



रायपुर। बीसीसीआई द्वारा वुमेंस अंडर-23 टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 05 जनवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच शुक्रवार को कटक में उत्तर प्रदेश अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। उत्तर प्रदेश अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 100 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की ओर से कृति गुप्ता ने 43 रन तथा मानश्री मौर्य ने 21 रन बनाये। उत्तर प्रदेश अंडर-23 टीम की ओर से पार्थवी चोपडा तथा सोनाली सिंह ने 1-1 विकेट लिए। 101 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश अंडर-23 की टीम ने 18.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 74 रन ही बना पायी। उत्तर प्रदेश की ओर से सोनाली सिंह ने सर्वाधिक 13 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से पहल टंडन तथा शिवानी यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने मैच 26 रनों से जीत लिया।

### क्रिकेट में सालासर नाइट राइडर की शानदार जीत



रायपुर। सालासर प्रीमियर लीग में 9 जनवरी की रात फाइनल मैच खेला गया। जिसमें सालासर नाइट राइडर ने सालासर सुपर किंग्स को हरा कर फाइनल जीता। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए सालासर सुपर किंग्स के कप्तान लाभांशु के 31 रन और राकेश कोटेश्वर के 12 रन से 69 रन 10 ओवरों में बना पाई। जिसके जवाब में सालासर नाइट राइडर ने दो विकेट खोकर 7 .3 ओवर में ही यह मैच जीत लिया। जिसमें संयम अग्रवाल ने सुझबूझ से 68 रन बनाएं, वे हर छठवीं बॉल पर सिंगल ले लेते थे। संयम अग्रवाल को मैन ऑफ दी मैच मिला। पुरस्कार वितरण में विजेता उपविजेता को ट्रॉफी के साथ में 11000 एवं 6000 नगद पुरस्कार दिया गया। संयम अग्रवाल मैन ऑफ द सीरीज रहे। बेस्ट बैट्समैन तन्मय धनवानी, बेस्ट सिल्वर बैट्समैन शोभित अग्रवाल, बेस्ट बॉलर अर्जुन विन्द, बेस्ट सिल्वर बॉलर कपिल सिंह भामरा, और बेस्ट फील्डर लाभांशु यादव रहे। फाइनल मैच के अंपायर सुनील दुलानी एवं शालीन सत्संगी थे। पुरस्कार वितरण सतिन्दर सिंह पप्पू वीर, सुनीता सत्संगी, दीपक डांग, जसवीर सिंह लांबा, महेश सिंह ठाकुर, संदीप अग्रवाल, विशाल सचदेव, आनंद अग्रवाल, पलक धनवानी और श्रीमती यादव आदि ने दिए।

### अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस बैडमिंटन में रायपुर की मनीषी ने जीते दो स्वर्ण



रायपुर। शहर की अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल में सहायक प्राध्यापक मनीषी सिंह ने अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस प्रतियोगिता के 40+ सिंगल एवं डबल्स के बैडमिंटन मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। मनीषी ने अपने प्री क्वार्टर मैच में अंडमान निकोबार की प्रभावती को 15-07 , 15-08, क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड की कविता को 21-12, 21-10, सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की फारूक को 21-15, 21-19, एवं फाइनल मुकाबले में आरएसबी अहमदाबाद की नीलम पांडा को 21-16, 21-15 को हराकर स्वर्ण पदक में कब्जा जमाया। वही डबल्स के मुकाबले में मनीषी एवं शालिनी यादव की जोड़ी ने प्री क्वार्टर में चेन्नई के भुवनेश्वरी एवं प्रीथा को 21-05, 21-06, क्वाटर फाइनल में उत्तराखंड के ज्योति एवं कविता को 21-10, 21-12, सेमीफाइनल में प्रतियोगिता की नंबर वन जोड़ी हरियाणा की प्रतिभा एवं सुनीता को 21-15, 21-23, एवं फाइनल मुकाबले में अहमदाबाद की नीलम एवं फारूक को 21-12, 21-16 से हराकर स्वर्ण पदक में अपना कब्जा जमाया। अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता में मनीषी सिंह को बेस्ट टूर्नामेंट ऑफ द वूमेन के प्राइज से भी नवाजा गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज खेल प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों और पूरे दल को बधाई दी गई है।

बदलती लाइफ स्टाइल के चलते बहुत सी आदतें बढ़ा रही हैं जोखिम

# कम उम्र में भी बढ़ रहा ब्रेन स्ट्रोक का खतरा नौजवानों को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत

पिछले कुछ वर्षों में हार्ट अटैक के साथ स्ट्रोक के मामले भी काफी बढ़ते हुए देखे गए हैं। ये दोनों ही समस्याएं जानलेवा हो सकती हैं, दुर्भाग्यवश कम उम्र के लोगों में भी स्ट्रोक जोखिम काफी तेजी से बढ़ता हुआ पाया गया है।

ब्रेन स्ट्रोक, दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। इससे जो लोग जीवित बच जाते हैं उनमें कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं जैसे लकवाग्रस्त होने, बोलने-दृष्टि से संबंधित दिक्कत, संज्ञानात्मक समस्याओं का खतरा हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, 40 से कम उम्र के लोगों में भी स्ट्रोक के मामलों को बढ़ते हुए देखा गया है, जो निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है। ब्रेन स्ट्रोक तब होता है जब कोई चीज मस्तिष्क के हिस्से में रक्त की आपूर्ति को अवरुद्ध कर देती है या किसी कारणवश मस्तिष्क में रक्त वाहिका फट जाती है। स्ट्रोक से स्थाई रूप से मस्तिष्क को क्षति, दीर्घकालिक रूप से विकलांगता या यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। सभी युवाओं में स्ट्रोक के लक्षण हों ये जरूरी नहीं है, कुछ शोध से पता चलता है कि लक्षण-मुक्त स्ट्रोक अधिक सामान्य हैं। आइए जानते हैं कि किन कारणों से स्ट्रोक का खतरा युवाओं-वयस्कों में भी बढ़ रहा है?





### युवा-वयस्कों में बढ़ रहा है स्ट्रोक का खतरा

न्यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रखर सहाय बताते हैं, स्ट्रोक किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है। मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह वो प्रमुख कारण हैं जो युवा वयस्कों में इस समस्या के जोखिमों को बढ़ा रहे हैं। वृद्ध लोगों में स्ट्रोक अधिक आम है। हालांकि करीब सात में से एक स्ट्रोक का मामला 15-49 आयु वर्ग के लोगों में देखा जा रहा है। 2021 के शोध से पता चलता है कि 10-15% स्ट्रोक 18-50 आयु वर्ग के वयस्कों में होते हैं। हमारी गड़बड़ दिनचर्या भी इस खतरे को बढ़ाने का कारण है।

### मोटापा और स्ट्रोक का खतरा

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज एंड डाइजेस्टिव किडनी डिसऑर्डर की रिपोर्ट से पता चलता है कि मोटापा, स्ट्रोक होने के खतरे को कई गुना तक बढ़ा देता है। मोटापे के कारण कई तरह की जटिलताओं जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और रक्त वाहिकाओं की समस्या भी बढ़ने लगती है जो इसका प्रमुख जोखिम कारक है। डॉ सहाय कहते हैं, अगर वजन को कंट्रोल कर लिया जाए, तो इस गंभीर और जानलेवा समस्या के जोखिमों से बचाव किया जा सकता है।

### हाई ब्लड प्रेशर-डायबिटीज की समस्या

हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज, ये दो प्रमुख कारण हैं जो स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकते हैं। दुर्भाग्यवश युवाओं में ये दोनों समस्याएं भी तेजी से बढ़ती जा रही हैं। हाई ब्लड प्रेशर के कारण धमनियों की दीवारों पर उच्च दबाव पड़ता है, इससे मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति करने वाली धमनियां फट सकती हैं या अवरुद्ध हो सकती हैं।

वहीं मधुमेह में हाई ब्लड शुगर की स्थिति मस्तिष्क सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगती है जिसके कारण भी स्ट्रोक हो सकता है। जिन लोगों को ये दोनों बीमारियां हैं उन्हें इसे कंट्रोल में रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है।

### धूम्रपान सबसे बड़ा कारण



युवाओं-वयस्कों में स्ट्रोक के अधिकतर मामलों के निदान में देखा जाता है कि रोगी धूम्रपान के शिकार रहे हैं। धूम्रपान या सेकेंड हैंड धुएं में सांस लेना भी स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकता है। इस एक आदत के कारण रक्त में ट्राइग्लिसराइड्स, बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के साथ रक्त का थक्का जमने की आशंका भी अधिक हो जाती है।



# ठंड में करते हैं योगासन तो इन बातों का रखें खास ध्यान

ठंड के मौसम में योगासन करना काफी जरूरी है, क्योंकि इन दिनों में शारीरिक गतिविधि काफी काम हो जाती है और ऐसे में योग का अभ्यास आपको फिट रखने में मददगार हो सकता है। लेकिन इसका पूरा लाभ लेने के लिए ठंड में योगासन करते वक्त आपको कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए, वरना इसके लाभ के बजाय हानि का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, ठंड का मौसम सेहत के लिहाज से काफी संवेदनशील होता है। इस मौसम में जरा सी भी लापरवाही आपके सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। खासकर ठंड में योगासन जैसी गतिविधि करते वक्त अगर कुछ सावधानियों का ध्यान न रखा जाए तो इससे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इस आर्टिकल में आपको इसी बारे में बता रहे हैं कि ठंड के दिनों में योगासन करते वक्त किसी तरह की सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए। 'मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान नई दिल्ली की योग प्रशिक्षक मधु खुराना इस बारे में विस्तार से बता रही है।

### तापमान का संतुलन बनाए रखें

ठंड के मौसम में योगासन करते वक्त अपने शरीर के साथ ही आसपास के तापमान का भी ध्यान रखना चाहिए। इसलिए सबसे पहले तो योग का अभ्यास करने के लिए एक उचित स्थान का चुनाव करें, जहां बहुत अधिक ठंड न हो। क्योंकि योग के दौरान शरीर में ऊर्जा उत्पन्न होती है और इससे शरीर का तापमान बढ़ता है, लेकिन वहीं अगर बाहर का तापमान कम है तो इससे सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए योग के तुरंत बाद आपको ठंड में बाहर नहीं निकलना चाहिए।

### योग के लिए सही कपड़ों का चुनाव करें



शरीर के तापमान को संतुलित रखने के लिए ठंड में योग के लिए सही कपड़ों का चुनाव करना जरूरी है। इन दिनों में योग करते वक्त आपको गर्म कपड़े पहन कर रखना चाहिए, साथ ही योग के अभ्यास के लिए गर्म दरी या योगा मैट का प्रयोग करना चाहिए। ताकि योग के दौरान शरीर में उत्पन्न ऊर्जा शरीर से बाहर जल्द ही बाहर न निकल जाए।

### योगासन से पहले वार्मअप जरूर करें

ठंड के मौसम में कभी सीधे योगासन नहीं करना चाहिए, बल्कि इससे पहले आपको वार्म अप जरूर करना चाहिए। ताकि शरीर में रक्त संचार बेहतर हो सके और शरीर योग के अभ्यास के लिए तैयार हो सके। खासकर ठंड के दिनों किसी भी तरह के योगासन की शुरुआत से पहले सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करना चाहिए, ताकि जोड़ों की अकड़न दूर हो सके।

### दिल के मरीज रखें खास ध्यान

सर्दियों में रक्त वाहिकाओं के सिकुड़ने से शरीर का ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। ऐसे में हाई ब्लड प्रेशर से दिल संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए दिल के मरीज को इन दिनों योग का अभ्यास करते वक्त अपने शरीर की सहजता का ध्यान रखना चाहिए। किसी भी तरह के खतरे से बचने के लिए बेहतर होगा कि आप किसी योग प्रशिक्षक के देख-रेख में योग का अभ्यास करें।



# देश भर के आर्किटेक्ट जुटेंगे रायपुर में चार दिनों तक चलेगा आईआईएपीएल



रायपुर। द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित आर्किटेक्ट्स के लिए वार्षिक खेल

- शहर के विभिन्न हिस्सों में आर्किटेक्ट के बीच होंगे क्रिकेट, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस के मुकाबले

प्रतियोगिता इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स प्रीमियर लीग (आईआईएपीएल) इस वर्ष रायपुर छत्तीसगढ़ के में 16 जनवरी से 19 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। इस आईआईएपीएल में क्रिकेट, बैडमिंटन, एवं टेबल टेनिस जैसे खेल पुरुष एवं महिला आर्किटेक्ट्स के लिए आयोजित किये जाएंगे। आर्किटेक्ट्स की छत्तीसगढ़ एसोसिएशन के द्वारा इस प्रतियोगिता को आयोजित करने पिछले तीन माह से जोर शोर से तैयारी की जा रही है।

इस वर्ष इस प्रतियोगिता में देशभर के 20 राज्यों से आर्किटेक्ट्स विभिन्न खेलो में शिरकत कर रहे है। इसमें आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश प्रमुख रूप से शामिल है।

प्रतियोगिता में क्रिकेट के लीग एवं क्वार्टर फ़ाइनल मैच हेतु रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट ग्राउंड (मैग्नेटो मॉल के पीछे), रियाज क्रिकेट ग्राउंड (सेरीखेड़ी), सेकरसा क्रिकेट ग्राउंड (डब्ल्यूआरएस कॉलोनी) एवं कांगेर वेली स्कूल ग्राउंड (टाटीबंध) का चयन किया गया है। क्रिकेट का सेमीफाइनल एवं फाइनल शहर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित किया गया है। महिला क्रिकेट टीम में 6 राज्यों से टीमें शिरकत कर रही है जिनमे प्रमुख रूप से कर्नाटक, केरल, उडीसा, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ की टीमें शामिल है। इस हेतु रियाज क्रिकेट अकडेमी ग्राउंड का चयन किया गया है। बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन एरीना स्पोर्ट्स क्लब, मोवा में किया गया है।

### मार्च पास्ट और छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों से होगी शुरुआत

आईआईएपीएल का शुभारम्भ 16 जनवरी को शाम 7 बजे होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में होगा जिसमे सभी टीमें अपने स्टेट टीम की जर्सी में मार्च पास्ट करेंगी। उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के लोकनृत्यों के द्वारा राज्य की संस्कृति को प्रस्तुत किया जायेगा। 17 जनवरी को सुबह 8 बजे से 4 क्रिकेट ग्राउंड्स में होटल से लीग मैचेस खेलने के लिए टीमें रवाना होंगी। 18 जनवरी को इन्ही 4 ग्राउंड्स पर लीग मैचेस एवं क्वार्टर फाइनल मैचेस आयोजित किये जाएंगे। 19 जनवरी को सुबह सेमीफइनल एवं फ़ाइनल मैच का आयोजन इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा एवं 19 जनवरी की रात में होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संपूर्ण आयोजन में विशेष सहभागिता नया रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी की रहेगी। इस भव्य आयोजन की सफलता हेतु थे इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स छत्तीसगढ़ चैप्टर के द्वारा 50 से ज़्यादा वास्तुविदों की विभिन्न कमिटी का गठन किया गया है।

# क्या ब्रह्ममुहूर्त में तोड़ सकते हैं तुलसी के पत्ते?



तुलसी के पौधे को बेहद पवित्र और पूजनीय माना गया है। इनकी पूजा करने से व्यक्ति को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। हिंदू धर्म में तुलसी को बेहद प्रिय और पूजनीय माना गया है। इसी कारण सभी के घरों में तुलसी का पौधा लगा हुआ होता है। तुलसी को लोग तीर्थ स्थान की समझकर पूजा-पाठ करते हैं। हर मंदिर में तुलसी का पौधा होता है और सभी धार्मिक अनुष्ठानों में ही तुलसी का उपयोग किया जाता है। लोग दिन के अनुसार तुलसी के पत्ते तोड़ते हैं, लेकिन क्या ब्रह्म मुहूर्त में तुलसी के पत्ते तोड़ना शुभ माना जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

**क्या ब्रह्ममुहूर्त में तुलसी के पत्ते तोड़ना है शुभ? :** अगर आप तुलसी के पत्ते ब्रह्ममुहूर्त में तोड़ते हैं, तो इसे शुभ माना जाता है, लेकिन इसे तोड़ने के भी नियम होते हैं। ऐसी मान्यता है कि ब्रह्ममुहूर्त (ब्रह्ममुहूर्त मंत्र) में सभी देवी-देवता नींद से जागते हैं और यह समय किसी भी मनोकामना पूर्ति के लिए बेहद उत्तम माना जाता है।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवॉर्ड्स नामांकन कार्यक्रम रद्द, जंगलों की आग बनी वजह



लॉस एंजिल्स क्षेत्र में भीषण जंगल की आग और तेज हवाओं के कारण स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवॉर्ड्स के नामांकनों की बुधवार सुबह होने वाली व्यक्तिगत घोषणा रद्द कर दी गई है। फिल्म और टेलीविजन में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नामांकन की घोषणा अब अभिनेता जॉय किंग और कूपर कोच द्वारा आयोजित लाइव कार्यक्रम के बजाय प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से की जाएगी। लॉस एंजिल्स के पैसिफिक पैलिसेड्स पड़ोस और कैलिफोर्निया के पासाडेना के पास अल्टाडेना में जंगल की आग विशेष रूप से खतरनाक रही, जहां घर और इमारतें आग की चपेट में आ रही हैं। क्रिस्टन बेल 31वें वार्षिक पुरस्कार समारोह की मेजबानी करेंगी, जिसे 23 फरवरी को लॉस एंजिल्स के श्राइन ऑडिटोरियम और एक्सपो हॉल से रात आठ बजे नेटफ्लिक्स पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। पिछले साल के समारोह की मेजबानी इदरीस एल्बा ने की थी। एसएजी पुरस्कारों को अक्सर ऑस्कर के लिए एक विश्वसनीय संकेत के रूप में देखा जाता है, विशेष रूप से अभिनय और बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में। आग के कारण कई मनोरंजन कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं, जिनमें रॉबी विलियम्स की बायोपिक बेटर मैन का प्रीमियर, जेनिफर लोपेज की फिल्म अनस्टॉपेबल का प्रीमियर और यूनिवर्सल पिक्चर्स की आगामी हॉरर फिल्म वुल्फ मैन का प्रीमियर शामिल है। एसएजी-एएफटीआरए के सहयोग से साइलेंट हाउस प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित इस कार्यक्रम का नेटफ्लिक्स पर श्राइन ऑडिटोरियम और एक्सपो हॉल से विश्व स्तर पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। लाइव कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है।

### टॉलीवुड

## कार एक्सीडेंट के बाद अब सामान्य जनजीवन में लौटने बेकरार अजित



तमिल फिल्मों के मशहूर अभिनेता अजित कुमार हाल ही में दुबई में आगामी रेसिंग चैंपियनशिप की प्रैक्टिस सत्र के दौरान एक कार दुर्घटना का शिकार हो गए। इसमें उनकी पोर्शे 992 कार को काफी नुकसान हुआ। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में अजित को एक भी खरोंच नहीं आई। अजित के इस कार एक्सीडेंट का वीडियो सामने आते ही फैंस काफी ज्यादा परेशान नजर आए। फैंस की चिंता को देखते हुए अजित कुमार रेसिंग टीम के मैनेजर और ड्राइवर फैबियन डफिक्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अभिनेता के फैंस को आश्वस्त किया है कि वह बिल्कुल ठीक हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, ₹टेस्ट का पहला दिन खत्म। अजित सुरक्षित हैं, बिना किसी भी खरोंच के...और यही सबसे महत्वपूर्ण है।₹ इस पोस्ट में फैबियन ने मोटरस्पोर्ट्स की चुनौतियों पर भी विचार साझा किए। उन्होंने लिखा, ₹आज का दिन यह फिर से याद दिलाता है कि सीखने का सफर कभी खत्म नहीं होता। चाहे जितनी भी परेशानी हो, रेसिंग के प्रति हमारा जुनून हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, हमें हर अनुभव से सीखने और सुधारने के लिए प्रेरित करता है। आगे का रास्ता अभी भी सीखने के लिए भरा पड़ा है। हम एक टीम और एक परिवार के रूप में सामना करने के लिए तैयार हैं।₹ बता दें कि इस कार दुर्घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं, जिसमें अभिनेता की कार ट्रैक पर नियंत्रण खोते हुए दिखाई दे रही है। अजित कुमार अभिनेता के साथ-साथ एक अनुभवी रेसर भी हैं। वह इस समय दुबई में चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं, और पहला प्रैक्टिस सत्र पहले ही शुरू हो चुका है। वह 12 और 13 जनवरी को होने वाली 24एच दुबई 2025 रेस में भाग लेंगे।

### भोजपुरी

## बवाल है खेसारी की फिल्म 'डंस' का पहला गाना, दिल हो जाएगा बाग-बाग



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की आगामी फिल्म है 'डंस'। आज गुरुवार को इसका पहला गाना रिलीज हुआ है। खेसारी लाल याद की फिल्में हों या गाने, दर्शकों का उत्साह हमेशा चरम पर रहता है। फिलहाल खेसारी अपनी आगामी फिल्म 'डंस' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी इस फिल्म का आज गुरुवार को पहला गाना जारी हो गया है। गाने का टाइटल है 'तोर दिल हमरा में धड़केला'। यह गाना खेसारी लाल यादव और श्वेता सेन पर फिल्माया गया है। इस गाने में खेसारी जबर डासं करते दिखे हैं। खेसारी का 'तोर दिल हमरा मे धड़केला' गाना ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन भोजपुरी पर रिलीज हुआ है। इसे खेसारी लाल यादव ने गाया है। इसके गाने कृष्णा बेदर्दी ने लिखे हैं। इस गाने में श्वेता सेन के साथ खेसारी की केमिस्ट्री कमाल की है। दोनों ने जमकर डांस किया है। खेसारी ने अपने डांस मूव्स से एक बार फिर फैंस का दिल जीत लिया है। इस गाने पर खेसारी के फैंस की दिलचस्प प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स कह रहे हैं कि भोजपुरी का लेवल बदल गया है। एक यूजर ने लिखा, 'कोई कितना भी दम लगा ले, लेकिन खेसारी का स्टारडम नहीं हिला पाएगा'। एक यूजर ने लिखा, 'फिल्म 'डंस' का गाना तो बहुत लाजवाब है।

## लाइफ स्टाइल

### सबातो का कलेक्शन



जाने-माने फैशन डिजाइनर सबातो डी सरनो का गुच्ची के लिए पहला मेन्सवियर कलेक्शन, इस साल की शुरुआत में मिलान फैशन शो में दिखाया गया। सबातो अब जून में मिलान में ही अपना दूसरा मेन्स कलेक्शन दिखाएंगे। उनका हाल में प्रदर्शित कलेक्शन इतालवी सड़क की बेपरवाह शैली से प्रेरणा लेता है।

## बालों के लिए बेहद फायदेमंद है लकड़ी की कंघी, जानें इसे इस्तेमाल करने के लाभ



हर कोई बाल को संवारने के लिए कंघी का इस्तेमाल करता है। लोग ध्यान नहीं देते लेकिन कंघी की क्वालिटी आपके बालों पर गहरा असर डालती है। ऐसे में अक्सर विशेषज्ञ लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। जी हां, बाल कंघी करने के लिए लकड़ी की कंघी को ही सबसे बेस्ट माना जाता है। इसमें कई प्रकार के गुण पाए जाते हैं, जो बालों से जुड़ी तमाम परेशानियों को दूर करते हैं। प्लास्टिक की कंघी से बालों की उलझन दूर तो हो जाती है, लेकिन बाल वापस से फ्रिजी हो जाते हैं, जिसके बाद बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में अगर आप लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करेंगे तो बालों को सुलझाने में दिक्कत नहीं होगी और ना ही बाल झड़ेंगे।

लकड़ी की कंघी के इस्तेमाल से स्कैल्प की मालिश होती है। ऐसे में अगर आप रोजाना लकड़ी की कंघी का इस्तेमाल करेंगे तो इससे सिर का ब्लड सर्कुलेशन ठीक हो जाएगा। सिर के स्कैल्प से कई प्रकार के नेचुरल ऑयल निकलते हैं, ऐसे में लकड़ी की ये कंघी इस ऑयल को बालों में बराबर बांटने का काम करती है।

ये ऑयल बालों में प्राकृतिक चमक प्रदान करता है। इसी के चलते बालों में प्राकृतिक नमी बरकरार रहती है। लकड़ी की कंघी में कई प्रकार के नेचुरल एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जोकि सिर पर होने वाले इंफेक्शन के खतरे को कम कर देते हैं।

## स्टाइलिश चश्मा पहनने का शौक है तो इन सेलेब्स से लें आइडिया




हम हमेशा से अपने सेलिब्रिटी या बॉलीवुड एक्टर्स के चश्मे की तरह अपने लिए ग्लास लेना पसंद करते हैं। इसलिए जब किसी फिल्म या अल्बम में न्यू स्टाइल का चश्मा दिखता है तो उसे खरीदने के लिए बेताब हो जाते हैं। मगर चश्मा खरीदने से पहले कुछ बातों को जानना जरूरी है।



सनग्लास केवल हमारे फैशन को निखारने का काम नहीं करते हैं। इनको पहनने के कई अन्य फायदे भी हैं। इस हिसाब से भी हमें अपने वार्डरोब में चश्मे को जगह देनी चाहिए।

### ओवरसाइज्ड चश्मा



ओवरसाइज्ड चश्मा पहनने का फैशन नया नहीं है। लेकिन इन दिनों उसका प्रचलन तेजी से बढ़ा है। क्योंकि आजकल के गानों या फिल्मों में इस तरह के सनग्लास को खूब दिखाया जा रहा है। कहीं न कहीं इन चीजों की छाप हमारे ऊपर पड़ती है।

गायक बी प्राक इन दिनों छाए हुए हैं। एक के बाद एक सुपरहिट गानों के साथ उन्होंने दिल जीत लिया हैं। इसके अलावा उनके ओवरसाइज्ड चश्मे को पसंद किया जा रहा है। वाकई उनके ओवरसाइज्ड चश्मे कमाल के दिख रहे हैं। 'गोरे-गोरे मुखड़े पे काला-काला चश्मा' अक्षय कुमार की 1994 में आई फिल्म 'सुहाग' का यह गाना चश्मे के कारण निखरते फैशन को बयां करता है। अगर आज की बात करें तो उसी चश्मे को लेकर गाना आया 'तेनु काला चश्मा जचता वे'। इन गानों का मतलब यह है कि चश्मे के बिना फैशन पूरा नहीं हो सकता।

### ब्लैक चश्मा

काले चश्मे कमाल के होते हैं। अधिकतर लोग काला चश्मा कैरी करना पसंद करते हैं। वैसे भी ब्लैक कलर की बात ही कुछ और है। मगर लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से कुछ तलाश रहे हैं तो सनी कौशल की फोटो देखें। इनका काले रंग का चश्मा कमाल का दिख रहा है।

### ओवरसाइज्ड चश्मा

ओवरसाइज्ड चश्मा पहनने का फैशन नया नहीं है। लेकिन इन दिनों उसका प्रचलन तेजी से बढ़ा है। क्योंकि आजकल के गानों या फिल्मों में इस तरह के सनग्लास को खूब दिखाया जा रहा है।

## शेरवानी ऐसी चुने जो दुल्हनिया के साथ पसंद आए लोगों को



हमने अक्सर शादी के घरों में देखा है कि लड़कियां तो शादी की तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं, लेकिन लड़के अपनी शॉपिंग पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। जबकि शादी का दिन दूल्हा और दुल्हन दोनों के लिए ही बेहद खास होता है। इस दिन हर किसी की नजर दुल्हन के साथ-साथ दूल्हे पर भी होती है। ऐसे में दूल्हे को भी सबसे खास दिखना चाहिए।

आज के समय में होने वाले दूल्हों को शेरवानी पहनना काफी पसंद आता है। बाजार में उनकी पसंद के हिसाब से आसानी से शेरवानी मिल भी जाती है लेकिन कई बार ये देखा जाता है कि गलत तरह के वेडिंग आउटफिट का चयन करने के बाद रात भर पूजा के समय बैठना काफी मुश्किल हो जाता है। दरअसल, शादी के दिन जयमाला का बाद रस्में पूरी रात चलती हैं। ऐसे में दूल्हे को वही कपड़े पहनने पड़ते हैं, जिन्हें पहनकर वो घोड़ी चढ़े थे। ऐसे में अगर गलत आउटफिट का चयन हो, तो काफी मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको दूल्हे के आउटफिट का चयन करने के कुछ टिप्स बताएंगे।

## गोल चेहरे पर खूब जचेंगे ट्रेंडी हेयर स्टाइल्स

अपने लुक को आकर्षक और स्टाइलिश बनाने के लिए आउटफिट से लेकर मेकअप तक सभी चीजें जरूरी होती है, लेकिन इसके साथ-साथ अपने बालों के हिसाब से परफेक्ट हेयर स्टाइल चुनना भी लुक के लिए काफी जरूरी होता है। वहीं कई बार हमारे बाल मौसम के कारण बाल पतले होने लगते हैं और किसी भी तरह का हेयर स्टाइल हम पर आसानी से सूट भी नहीं करता है।

इसके अलावा कई लोगों के बाल जन्म से काफी पतले होते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से एक हैं और अपने पतले बालों के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल नहीं चुन पा रही हैं तो इस आर्टिकल को आखिर तक जरूर पढ़ें। इसमें हम आपको दिखाने वाले हैं कुछ ऐसे हेयर स्टाइल जो पतले बालों के लिए हैं बिल्कुल परफेक्ट। साथ ही बताएंगे उनसे जुड़ी अमेजिंग स्टाइलिंग टिप।

### ओपन हेयर स्टाइल

पतले बाल अक्सर खुले रखने पर काफी बेजान से नजर आने लगते हैं। ओपन हेयर स्टाइल को बाउंसी लुक देने के लिए आप ब्रेड का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप फ्रंट या साइड में ब्रेड बना सकती हैं। बचे हुए लेंथ को अप कर्ल्स कर सकती हैं।



### ऐसे बनाएं ब्रेड

अगर आपके बाल पतले हैं तो आप इसे हैवी लुक देने के लिए फेक हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही कोशिश करें कि आप फ्रंट में ब्रेड बनाएं और एक की जगह 2 से 3 तरह के ब्रेड बनाने की कोशिश करें। ब्रेड को सजाने के लिए आप बीड्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

पतले बालों में आप बन बनाने के लिए आप डोनट स्टफिंग का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आपके बालों में बनाया बन काफी खूबसूरत नजर आएगा।

### कार्नर न्यूज

## सर्दियों के मौसम में आपके फैशन का अहम हिस्सा होते हैं बूट्स

# ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो कुछ बातों का रखें ख्याल, लोग करेंगे तारीफ

*सर्दियों के मौसम में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। अगर आप भी सर्दियों में घूमने जा रही हैं, तो स्टाइल दिखाना तो लाजमी है। ऐसे में सर्दियों की शुरुआत होते ही हर लड़की विंटर के हिसाब से शॉपिंग करना शुरू कर देती है। हर लड़की के पास कई तरह की जैकेट्स होती हैं, जिन्हें पहनकर वो अपना जलवा दिखाती रहती हैं। सर्दियों के मौसम में जैकेट्स के साथ-साथ बूट्स भी लड़कियों को स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं। बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।*



### हील्स वाले बूट्स

मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।



### ऐसे कैरी करें थाई बूट्स

शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच



जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

### एंकल बूट्स

आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

### दिखेगा अलग लुक

ये आपको सर्दी से बचाएंगी और साथ में इसी से आपका लुक काफी क्लासी लगेगा।